* ओड़िशा संस्करण

27 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

शुभ देव दिवाली

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 37



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharm
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

### रांची के गोंदा थाना क्षेत्र में पुलिस का छापा

# पुलिसकर्मी ही निकले जुआरी

**हिरासत में लेने पर खुला राज, पांच लाख बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के गोंदा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिसकर्मी समेत अन्य लोग जुआ खेलते पकड़े गये। सभी को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गये पुलिसकर्मियों के पास से पांच लाख रुपये भी बरामद हुए। जानकारी के अनुसार कुछ पुलिसकर्मी किराये के कमरे में इकट्ठा होकर जुआ खेलने और खेलाने का काम कर रहे थे। जुआ खेलने की सूचना एसएसपी को मिली। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर गोंदा थाना की पुलिस ने सूचना का सत्यापन किया और छापेमारी की। इस दौरान कई पुलिसकर्मी जुआ खेलते पकड़े गये, जिन्हें गोंदा थाना की पुलिस ने हिरासत में लिया। इन सभी पुलिसकर्मियों को गोंदा थाना में रखा गया है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि जुआ खेलने की शिकायत पर छापेमारी की गयी थी, जिसमें कुछ लोगों को पकड़ा गया है। मामले में पुलिस वाले शामिल हैं कि नहीं यह जांच की जा रही है।




### बाबूलाल ने सीएम पर साधा निशाना

जुआ खेलते पकड़े गये पुलिसकर्मी खुद भी जुआ खेल रहे थे और खेलवा भी रहे थे। इस पूरे प्रकरण में खास यह है कि इनमें से कुछ पुलिसकर्मी मुख्यमंत्री आवास में कार्यरत हैं और इस बात को छिपाया गया है। मामले को रफा-दफा किया जा रहा है। ये बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। कहा कि जिस राज्य का मुखिया सुबह से रात तक गोरखधंधा करने में लगा हो, वहां ठीक उसकी नाक के नीचे काम करनेवालों को ऐसा अपराध करने का ऑक्सीजन मिलता ही रहता है। उन्होंने कहा कि जब बॉस ही राज्य के साथ रोज जुआ खेले, तो चेले क्यों पीछे हटेंगे? साथ ही साथ यह भी पता लगाना जरूरी है कि इस जुआ की आमदनी का पैसा कहां तक जाता है?

### गारू बीडीओ प्रताप टोप्पो का आकस्मिक निधन

गारु (आजाद सिपाही)। गारू प्रखंड के बीडीओ और झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रताप टोप्पो का शनिवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से प्रशासनिक अधिकारियों और प्रखंडवासियों में भी शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रताप टोप्पो पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। प्रखंड कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी। अधिकारियों, कर्मियों और प्रखंडवासियों ने उनकी आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की। शोक संतप्त परिवारजनों के लिए परिस्थिति को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मौके पर सीओ शंभू राम, जिप सदस्य जीरा देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां, प्रमुख सीता देवी, बीपीओ प्रिंस कुमार, ऑपरेटर मुकेश प्रसाद, संतोष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चीन में रहस्यमयी बीमारी पर एडवाइजरी जारी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। चीन की रहस्यमयी बीमारी पर भारत सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पब्लिक हेल्थ सिस्टम को अपडेट करने के लिए कहा है। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑगेनाईजेशन ने भी चिंता जाहरि करते हुए चीन से इस बीमारी से जुड़ी जानकारी मांगी है।

### संथाल में आदिवासी अधिकार मोटरसाइकिल यात्रा का समापन

# शराब और खदान बाहरी को देकर हक मार रही सरकार : बाबूलाल

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** भाजपा की दो दिवसीय आदिवासी अधिकार मोटर साइकिल रैली रविवार को संथाल परगना में समाप्त हो गयी। शहीद सिदो कान्हू, चांद भैरव की भूमि भोगनाडीह से शुरू हुई यात्रा दूसरे दिन बोरियो, तीन पहाड़, बरहरवा होते हुए दुर्गापुर स्कूल मैदान में संपन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा शामिल हुए। जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ।

पुष्प वर्षा और पारंपरिक स्वागत किया गया। इस रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। यह यात्रा तभी रुकेगी, जब झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता का दुःख दर्द दूर हो जायेगा। यहां के आदिवासी, दलित, वंचित को उनका हक और अधिकार मिल जायेगा। बाबूलाल ने यात्रा की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

बाबूलाल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा सरकार की देन है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने झारखंड राज्य के सपनों को साकार किया। आज जो विकास दिखता है, वह भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चलायी। पुल पुलियों से गांव को जोड़ा गया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा समेत सभी वर्गों के लिए योजनाएं चलायी जा रही हैं। बाबूलाल ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र में आज गरीब आदिवासी मलेरिया से मर रहे, लेकिन उनको चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार दलालों बिचौलियों की सरकार है। शराब के ठेके छत्तीसगढ़ और बाहर के लोगों को देकर राज्य के लोगों का हक मार रही। जिनकी जमीन पर खदान है, वह मजदूर बना हुआ है और मालिक बाहर से आया है। उन्होंने कहा कि यह अधिकार यात्रा यहां के लोगों को खदान का मालिक बनाने की यात्रा है। झारखंड के लोगों को अमीर और करोड़पति बनाने की है। बाबूलाल ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनते ही झारखंड के नौजवानों को पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी की तरह विदेशी शराब की दुकान दी जायेगी। उन्होंने 2024 में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशी को जिता कर तीसरी बार मोदी सरकार तथा विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया। यात्रा में विधायक अनंत ओझा, पूर्व विधायक ताला मरांडी सहित अन्य शामिल थे।



# पीएम ने 26/11 की 15वीं बरसी पर श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 107वां एपिसोड में 26/11 हमलों में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को हम कभी नहीं भूल सकते हैं। आज ही के दिन देश पर सबसे जघन्य हमला हुआ था। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने मुंबई को, पूरे देश को थर्रा कर रख दिया था। लेकिन भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उबरे और अब पूरे हौसले के साथ आतंक को कुचल भी रहे हैं। मुंबई हमले में जान गंवाने वाले लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस की भी शुभकामनाएं दीं। लोगों से वोकल फॉर लोकल को एक कदम आगे बढ़ाते हुए देश में ही शादी करने की भी अपील की। सोमवार 27 नवंबर को गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व है। पीएम ने इसके लिए भी लोगों को शुभकामनाएं दीं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# टनल हादसे ने खोल कर रख दी है आपदा प्रबंधन की पोल

## ■ बेहद गैर-पेशेवर तरीके से चलाया जा रहा है मजदूरों को बचाने का अभियान

## ■ बचाव अभियान के हर कदम पर सामने आ रहा है पूरे सिस्टम का खोखलापन

## ■ 15 दिन के बचाव अभियान के बाद भी अब तक सुरंग में फंसी हैं 41 जिंदगियां

उत्तरकाशी के सिलक्यारा में निर्माणाधीन सुरंग के धंसने का एक पखवाड़ा हो चुका है। पिछले चार दिन से अब निकले कि तब की घोषणा के बावजूद वहां फंसे 41 मजदूरों में से किसी को भी अभी तक सुरक्षित नहीं निकाला जा सका है। यह भी नहीं पता कि वे बाहर कब आयेंगे। हाल के दिनों में देश का यह सबसे बड़ा बचाव अभियान है, जिसकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहली बार अभियान एक विदेशी विशेषज्ञ की देखरेख में चल रहा है। लेकिन अफसोस इस बात का है कि तमाम दावों और घोषणाओं के बावजूद 41 जिंदगियां अब भी हजारों टन मलबे के बीच फंसी हैं। वास्तव में यह पूरा बचाव अभियान भारत की आपदा प्रबंधन व्यवस्था के खोखलेपन को ही उजागर कर रहा है। यह खोखलापन इसी बात से उजागर होता है कि इतने बड़े और गंभीर अभियान में लगे अफसरों और कर्मियों को भी यह पता नहीं है कि उनकी कोशिश में किस तरह की बाधाएं आ सकती हैं या फिर अभियान का अगला कदम क्या होगा। कहने को इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग एक विदेशी विशेषज्ञ कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यही है कि यह पूरा अभियान इतने गैर-पेशेवर अंदाज में चल रहा है कि सोशल मीडिया पर इसकी कटु आलोचना भी होने लगी है। उधर सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजनों के सब्र का बांध भी टूटने लगा है। अधिकारियों के दावों पर न परिजनों को भरोसा हो रहा है और न आम लोगों को। हर दिन बीतने के साथ सुरंग में फंसे मजदूरों की, उनके परिजनों की और आम लोगों की उम्मीदें धूमिल पड़ती जा रही हैं और इसके साथ सिस्टम का खोखलापन भी सामने आता जा रहा है। क्या है सिलक्यारा सुरंग हादसे के बचाव अभियान की पूरी कहानी और इसकी अब तक असफल रहने के कारण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग के धंसने की घटना के 15 दिन बीत चुके हैं और इसके भीतर फंसी 41 जिंदगियां अब भी सुरक्षित बाहर निकलने के इंतजार में हैं। इन मजदूरों को बचाने के लिए जो अभियान चल रहा है, उसे हाल के दिनों में देश का सबसे बड़ा अभियान बताया जा रहा है और इसमें दुनिया की हरसंभव तकनीक और उपकरणों का सहारा लिया जा रहा है। करीब डेढ़ हजार लोगों की टीम सुरंग के मुहाने पर दिन-रात जमी हुई है। एक विदेशी विशेषज्ञ पूरे बचाव अभियान की मॉनिटरिंग कर रहा है, लेकिन अब तक नतीजा सिफर है। पिछले 15 दिन से चल रहे इस अभियान पर सोशल मीडिया पर इंद्रेश मैखुरी की एक बेहद गंभीर पोस्ट देखने को मिली। 'फर्ज कीजिए कि सीमा पर युद्ध चल रहा है' शीर्षक से इस पोस्ट में लिखा गया है:

बंदूक से लड़ना शुरू किया। बंदूक खराब हो जाये, तो दिल्ली को हांक लगायी जाये कि अब तोप भेजो। तोप आने में दो दिन लगे। तोप में दिक्कत हो, तो फिर दिल्ली को आवाज लगायी जाये कि टैंक भेजा जाये। टैंक में खराबी आ जाये, तो फिर दिल्ली को आवाज लगायी जाये कि टैंक की मरम्मत के लिए एक्सपर्ट भेजे जायें। वे एक्सपर्ट चार दिन में पहुंचे। सोचिये ऐसे युद्ध लड़ा जाये, तो क्या होगा? जाहिर है कि जीत तो नहीं होगी ना।

पोस्ट में आगे कहा गया है, यह सवाल इसलिए, क्योंकि उत्तरकाशी में सुरंग से मजदूरों को निकालने का जो रेस्क्यू ऑपरेशन आधे महीने से चल रहा है, वह ऐसे ही चल रहा है। एक मशीन अटक गयी, तो दिल्ली से दूसरी मशीन बुलायी गयी। वह भी अटक गयी, तो इंदौर से तीसरी मशीन बुलायी गयी। मशीन में खराबी आयी, तो दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाये गये। अब मशीन काटनी है, तो प्लाज्मा कटर हैदराबाद से आ रहा है। और इन सबके आने, मशीनों के अटके रहने में बार-बार दो-दो, चार-चार दिन लगते रहे।

यह है वह युद्ध स्तर, जिससे रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। यह युद्ध स्तर नहीं, युद्ध में दिग्भ्रमित घेंघा रफ्तार है। जो इस दिग्भ्रमित घेंघा रफ्तार से रेस्क्यू ऑपरेशन में फोटो खिंचवाने का अवसर तलाश रहे हैं, उनका तो कुछ नहीं बिगड़ेगा, लेकिन सुरंग के भीतर 15 दिन से फंसे मजदूरों की जिंदगी पर बन आयेगी।

सोशल मीडिया के इस पोस्ट से आसानी से समझा जा सकता है कि सिलक्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में एक आम भारतीय क्या सोचता है और इस पूरे अभियान की गंभीरता कितनी है।

इस बचाव अभियान के सफल होने और सभी 41 मजदूरों के सुरक्षित बाहर आने की कामना हर भारतीय कर रहा है। हर कोई यही मान कर चल रहा है कि अभियान पूरी तरह सफल होगा और सभी मजदूर सुरक्षित बाहर निकलेंगे, लेकिन इस अभियान में लगे अधिकारियों और कर्मियों का अंदाज इस उम्मीद पर बार-बार पानी फेर रहा है।

वास्तव में सिलक्यारा की घटना ने भारत में आपदा प्रबंधन के तमाम दावों की कलई खोल कर रख दी है । कागजों पर भारत का आपदा प्रबंधन भले ही बेहद मजबूत दिख रहा है, धरातल पर स्थिति क्या है, यह सिलक्यारा घटना से आइने की तरह साफ हो गया है। अब तक के अभियान के बारे में कहा जा सकता है कि इसने व्यवस्था के खोखलेपन को उजागर किया है। हालत यह है कि सुरंग बनानेवाली कंपनी से आज तक यह जानकारी लेने की कोशिश नहीं की गयी है कि सुरंग का निर्माण किस तकनीक से हो रहा था। कंपनी से यह भी नहीं पूछा गया है कि सुरंग निर्माण के लिए पहले से तय सुरक्षा मानकों का अनुपालन किया गया था या नहीं। यह सही है कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों और बाहर उनके परिजनों और आम लोगों की उम्मीद की किरण दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। ऐसे में जरूरत थी कि उन मजदूरों की बात किसी मनोवैज्ञानिक से करायी जाती और उन्हें इस मुश्किल घड़ी में कैसे खुद को संभालना है, यह बताया जाता, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।

### बचाव अभियान में कब क्या हुआ

**12 नवंबर:** सुबह चार बजे टनल में मलबा गिरना शुरू हुआ तो 5.30 बजे तक मेन गेट से दो सौ मीटर अंदर तक भारी मात्रा में जमा हो गया। टनल से पानी निकालने के लिए बिछायी गयी पाइप से ऑक्सीजन, दवा, भोजन और पानी अंदर भेजा जाने लगा। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और बीआरओ को लगाया गया। 35 हॉर्स पावर की ऑगर मशीन से 15 मीटर तक मलबा हटा।

**13 नवंबर:** शाम तक टनल के अंदर से 25 मीटर तक मिट्टी के अंदर पाइप लाइन डाली जाने लगी। दोबारा मलबा आने से 20 मीटर बाद ही काम रोकना पड़ा। मजदूरों को पाइप के जरिये लगातार ऑक्सीजन और खाना-पानी मुहैया कराया जाना शुरू हुआ।

**14 नवंबर:** टनल में लगातार मिट्टी धंसने से नॉर्वे और थाइलैंड के एक्सपर्ट्स से सलाह ली गयी। ऑगर ड्रिलिंग मशीन और हाइड्रोलिक जैक को काम में लगाया। लेकिन लगातार मलबा आने से नौ सौ एमएम, यानी करीब 35 इंच मोटी पाइप डालकर मजदूरों को बाहर निकालने का प्लान बना। इसके लिए ऑगर ड्रिलिंग मशीन और हाइड्रोलिक जैक की मदद ली गयी, लेकिन ये मशीनें भी असफल हो गयीं।

**15 नवंबर:** रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत कुछ देर ड्रिल करने के बाद ऑगर मशीन के कुछ पार्ट्स खराब हो गये। टनल के बाहर मजदूरों के परिजनों की पुलिस से झड़प हुई। वे रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी से नाराज थे। पीएमओ के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली से एयरफोर्स का हरक्यूलिस विमान हेवी ऑगर मशीन लेकर चिल्यानीसौड़ हेलीपैड पहुंचा। ये पार्ट्स विमान में ही फंस गये, जिन्हें तीन घंटे बाद निकाला जा सका।

**16 नवंबर:** दो सौ हॉर्स पावर वाली हेवी अमेरिकन ड्रिलिंग मशीन ऑगर का इंस्टॉलेशन पूरा हुआ। शाम आठ बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा शुरू हुआ। रात में टनल के अंदर 18 मीटर पाइप डाली गयी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन की रिव्यू मीटिंग की।

**17 नवंबर:** सुबह दो मजदूरों की तबीयत बिगड़ी। उन्हें दवा दी गयी। दोपहर 12 बजे हेवी ऑगर मशीन के रास्ते में पत्थर आने से ड्रिलिंग रुकी। मशीन से टनल के अंदर 24 मीटर पाइप डाली गयी। नयी ऑगर मशीन रात में इंदौर से देहरादून पहुंची, जिसे उत्तरकाशी के लिए भेजा गया। रात में टनल को दूसरी जगह से ऊपर से काट कर फंसे लोगों को निकालने के लिए सर्वे किया गया।

**18 नवंबर:** दिनभर ड्रिलिंग का काम रुका रहा। खाने की कमी से फंसे मजदूरों ने कमजोरी की शिकायत की। पीएमओ के सलाहकार भास्कर खुल्बे और डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल उत्तरकाशी पहुंचे। पांच जगहों से ड्रिलिंग की योजना बनी।

**19 नवंबर:** सुबह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड सीएम पुष्कर धामी उत्तरकाशी पहुंचे, रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और फंसे लोगों के परिजनों को आश्वासन दिया। शाम चार बजे सिल्क्यारा एंड से ड्रिलिंग दोबारा शुरू हुई। खाना पहुंचाने के लिए एक और टनल बनाने की शुरुआत हुई। टनल में जहां से मलबा गिरा है, वहां से छोटा रोबोट भेज कर खाना भेजने या रेस्क्यू टनल बनाने का प्लान बना।

**20 नवंबर:** इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट ऑर्नल्ड डिक्स ने उत्तरकाशी पहुंच कर सर्वे किया और वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए दो स्पॉट फाइनल किये। मजदूरों को खाना देने के लिए छह इंच की नयी पाइपलाइन डालने में सफलता मिली। ऑगर मशीन के साथ काम कर रहे मजदूरों के रेस्क्यू के लिए रेस्क्यू टनल बनायी गयी। बीआरओ ने सिल्क्यारा के पास वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए सड़क बनाने का काम पूरा किया।

**21 नवंबर:** एंडोस्कोपी के जरिये कैमरा अंदर भेजा गया और फंसे हुए मजदूरों की तस्वीर पहली बार सामने आयी। उनसे बात भी की गयी। मजदूरों तक छह इंच की नयी पाइपलाइन के जरिये खाना पहुंचाने में सफलता मिली। ऑगर मशीन से ड्रिलिंग शुरू हुई। केंद्र सरकार की ओर से तीन रेस्क्यू प्लान बताये गये। पहला- ऑगर मशीन के सामने रुकावट नहीं आयी, तो रेस्क्यू में दो से तीन दिन लगेंगे। दूसरा- टनल की साइड से खुदाई करके मजदूरों को निकालने में 10-15 दिन लगेंगे। तीसरा- डंडालगांव से टनल खोदने में 35-40 दिन लगेंगे।

**22 नवंबर:** मजदूरों को नाश्ता, लंच और डिनर भेजने में सफलता मिली। सिल्क्यारा की तरफ से ऑगर मशीन से 15 मीटर से ज्यादा ड्रिलिंग की गयी। मजदूरों के बाहर निकलने के मद्देनजर 41 एंबुलेंस मंगवायी गयीं। डॉक्टरों की टीम को टनल के पास तैनात किया गया। चिल्यानीसौड़ में 41 बेड का हॉस्पिटल तैयार करवाया गया।

**23 नवंबर:** अमेरिकी ऑगर ड्रिल मशीन तीन बार रोकनी पड़ी। देर शाम ड्रिलिंग के दौरान तेज कंपन होने से मशीन का प्लेटफॉर्म धंस गया। इसके बाद ड्रिलिंग अगले दिन की सुबह तक रोक दी गयी। इससे पहले 1.8 मीटर की ड्रिलिंग हुई थी।

**24 नवंबर:** सुबह ड्रिलिंग का काम शुरू हुआ, तो ऑगर मशीन के रास्ते में स्टील की पाइप आ गयी, जिसके चलते पाइप मुड़ गयी। स्टील की पाइप और टनल में डाली जा रही पाइप के मुड़े हुए हिस्से को बाहर निकाल लिया गया। ऑगर मशीन को भी नुकसान हुआ था, उसे भी ठीक कर लिया गया। इसके बाद ड्रिलिंग के लिए ऑगर मशीन फिर मलबे में डाली गयी, लेकिन तकनीकी बाधा के चलते रेस्क्यू टीम को ऑपरेशन रोकना पड़ा। उधर, एनडीआरएफ ने मजदूरों को निकालने के लिए मॉक ड्रिल की।

**25 नवंबर :** ऑगर मशीन फिर खराब हो गयी। हैदराबाद से प्लाज्मा कटर मंगाया गया।

**26 नवंबर :** वर्टिकल ड्रिलिंग की योजना बनी। अभियान में मदद के लिए सेना को बुलाया गया।

## राजनीतिक हलचल

### राजस्थान चुनाव: वोट प्रतिशत बढ़ने से किसे टेंशन

## जब-जब घटा कांग्रेस आयी, जब बढ़ा तो भाजपा



राजस्थान विधानसभा चुनाव में कई जगहों पर मत प्रतिशत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पिछली बार के चुनाव से तुलना की जाये, तो इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। विधानसभा चुनावों में इस बार 74.96 प्रतिशत के आसपास वोटिंग हुई है। जो पिछली बार के 74.06 प्रतिशत के आंकड़े से एक फीसदी अधिक है। 2018 की तुलना में वोटिंग प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी भी कई सीटों पर उलटफेर कर सकती है। वोटिंग पैटर्न ने साफ सियासी अलामिंग वाले संकेत दे दिये हैं। गहलोत सरकार के सात मंत्रियों की सीटों पर पिछली बार की तुलना में वोटिंग प्रतिशत बढ़ी है। सीएम अशोक गहलोत और 18 मंत्रियों के इलाकों में वोट प्रतिशत घटा है। इनमें 10 मंत्रियों के इलाकों में वोट प्रतिशत घटने का आंकड़ा बहुत मामूली है, जो एक प्रतिशत से कम है। राज्य में मामूली वोटों से कई बार सियासी उलटफेर होता रहा है। इसलिए भी वोटिंग के इस पैटर्न को लेकर सियासी हलकों में अटकलें लगनी शुरू हो गयी हैं। पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में लोगों ने घर से निकलने में काफी रुचि दिखायी है। अब देखना यह है कि लोगों की चुनाव में रुचि और वोटिंग प्रतिशत बढ़ने का लाभ किसको मिलता है। इसके लिए 3 दिसंबर का इंतजार है। विशेषज्ञों के अनुसार मतदान प्रतिशत से अनुमान लगाया जा सकता है कि ऊंट किस करवट बैठ सकता है। पिछले पांच विधानसभा चुनावों के आंकड़े देखे जायें, तो ऐसा अनुमान है कि जब-जब प्रदेश में वोटिंग परसेंटेज में कमी आयी है, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है। वहीं मतदान का प्रतिशत बढ़ता है, तो भाजपा को लाभ मिलता है। वैसे तो इस बार के मतदान प्रतिशत में अभी फाइनल आंकड़ा जारी नहीं हुआ है, फिर भी अब तक तो प्रतिशत में उछाल देखा जा रहा है, लेकिन हॉट सीटों में उतार-चढ़ाव दोनों देखे जा रहे हैं।

## तेलंगाना चुनाव: राहुल गांधी ने बेरोजगारों के साथ खायी बिरयानी, सुनी परेशानी

तेलंगाना विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद का दौरा किया। राहुल गांधी ने हैदराबाद के अशोक नगर में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे बेरोजगारों से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं से उनकी समस्याएं पूछीं। राहुल गांधी ने धैर्यपूर्वक युवकों की बातों को सुना, जो वे कह रहे थे। राहुल ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कष्टों ने उनके मन को परेशान कर दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार तेलंगाना में आयी, तो सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी ने चुनावी राज्य तेलंगाना में भाजपा के चारों टायर पंक्चर कर दिये हैं और जल्द ही दिल्ली में भी ऐसा करेंगे।



## एमपी चुनाव: परिणाम को लेकर सट्टा बाजार सक्रिय

**जीत की दावेदारी के लिए दोनों दलों में पांच से 10 सीटों का ही अंतर**

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही सियासी दलों ने कमजोर कड़ी की तलाश शुरू कर दी है। इसके पीछे बड़ी वजह किसी भी राजनीतिक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने का अनुमान है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान हो चुका है। नतीजा 3 दिसंबर को आनेवाला है। किसी भी दल को सरकार बनाने के लिए 116 विधायकों की जरूरत होगी। बहुमत का आंकड़ा यही है। अब तक यही अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों दलों के बीच कड़ी टक्कर है और चुनावी नतीजे एक तरफ नहीं रहने वाले। दोनों दलों में पांच से 10 सीटों का ही अंतर रहेगा। सट्टा बाजार भी लगभग यही कहानी कह रहा है और इसी का नतीजा है कि दोनों दल आगामी स्थितियों को लेकर चिंतित हैं। बात अगर पिछले विधानसभा चुनाव की करें, तो किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। कांग्रेस 114 सीट लेने के साथ बढ़त में थी, जबकि भाजपा को 109 स्थान पर ही जीत मिली थी।

सात स्थानों पर सपा, बसपा और निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे। अन्य का कांग्रेस को साथ मिला था और उसकी सरकार भी बनी। कांग्रेस की सरकार कमलनाथ के नेतृत्व में 15 महीने ही चल पायी और ज्योतिरादित्य सिंधिया की नाराजगी के चलते 22 विधायकों ने बगावत की और कमलनाथ की सरकार गिर गयी। यह घटनाक्रम दोनों ही राजनीतिक दलों को बेहतर तरीके से याद है। लिहाजा किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने की स्थिति में उन्होंने दूसरे दल के अलावा अन्य में कमजोर कड़ी की तलाश तेज कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बहुमत नहीं मिलने या बहुमत से कुछ अंक ज्यादा निकलने के बाद भी राजनीतिक दलों की कमजोर कड़ी या यूं कहें विभीषण की तलाश में कोई पीछे नहीं रहने वाला। यह बात अलग है कि कमलनाथ लगातार दावा करते रहे हैं कि अगर वह चाहते तो अपनी सरकार बचा लेते। उनके पास भी सौदेबाजी के अवसर थे, परंतु इस बार लगता है कि वे कोई भी मौका अपने हाथ से जाने नहीं देंगे। इसके बावजूद आने वाले दिन राज्य की सियासत में बड़े घटनाक्रम का गवाह बनेंगे, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 27.2 °c | 11.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.10 बजे | |



## प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया गया

# मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै...

**विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तीन दिवसीय समागम के तहत प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में रविवार को विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै... शबद गायन से हुई। इसके बाद हजूरी रागी जत्था महिपाल सिंह ने मेरे साहिबा कौण जांड़े गुण तेरे...शबद गायन किया। बाबा सुखदेव सिंह ने कथावचन कर गुरुनानक को मसीहा बताते उनके बताये गये मार्ग पर चलने को कहा। सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बाबा सुखदेव सिंह और सुमित कलसी को गुरुघर का सरोपा देकर सम्मानित किया।

अमृतसर साहिब से आये रागी जत्था ओंकार सिंह ने बेअंता बेअंत गुण तेरे... और गुर सुंदर मोहन तार करै... शबद गायन कर साथ संगत को गुरबाणी से जोड़ा।

प्रकाश पर्व में शिरकत करने विशेष रूप से पधारे विश्व विख्यात रागी जत्था अमरजीत सिंह तान ने सुणी पुकार दातार प्रभु गुर नानक जग माहे पठाईया... और हाल मुरीदां दा कहणा मितर प्यारे नू... और तू प्रभु दाता दान मत पूरा हम थारे भेखारी जिओ...जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ-साथ संगत को वाहेगुरु का सिमरन भी कराया। इसके बाद कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दोपहर 2.45 बजे विशेष दीवान की समाप्ति हुई। दोपहर एक बजे से सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया।



### यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण

**सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कार्यक्रम का गुरुनानक सत्संग सभा के यूट्यूब चैनल मेरे साहब पर गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह द्वारा लाइव प्रसारण किया गया। रात का दीवान सजाया गया। इसमें अमरजीत सिंह, तान और अमनदीप सिंह लुधियाना वाले शबद गायन किये।**



दीवान में सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, अशोक गेरा, हरविंदर सिंह बेदी, मोहन लाल अरोड़ा, सुरेश मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, नरेश पपनेजा, अमरजीत गिरधर, लेखराज अरोड़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, महेंद्र अरोड़ा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, प्रेम मिढ़ा, प्रताप खत्री, हरिश मुंजाल, रमेश गिरधर, हरजीत बेदी, सुभाष मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिड्ढा, जीतू अरोड़ा, आशु मिड्ढा, नवीन मिढ़ा, नीरज सरदाना, ईशान काठपाल, महेश सुखीजा, नीरज गखड़, डॉ अजय छाबड़ा, सागर थरेजा, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, मनीष गिरधर, कमल अरोड़ा, राजू काठपाल, किशन गिरधर, मनीष मल्होत्रा, राजेंद्र मक्कड़, हरीश तेहरी, भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, पंकज मिढ़ा, हरीश मिड्ढा, जीतू काठपाल, गुलशन मिढ़ा, राकेश गिरधर, भरत गाबा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, रमेश तेहरी, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल समेत अन्य शामिल थे।

## रांची रेलवे स्टेशन के पास दुर्गा मंदिर को हटाने के लिए रेलवे ने दिया नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेलवे स्टेशन पर स्थित दुर्गा मंदिर को हटाने को लेकर रेलवे ने नोटिस जारी कर दिया है। बताया जाता है कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने स्टेशन पुनर्विकास के कारण दुर्गा मंदिर को खाली करने के संबंध में दुर्गा मंदिर कमेटी, साउथ रेलवे कॉलोनी को पत्र भी लिखा है। दुर्गा कमेटी को लिखे गये अपने पत्र में रेलवे ने कहा है कि दुर्गा मंदिर को जल्द से जल्द खाली कर दें। क्योंकि, यह क्षेत्र स्टेशन पुनर्विकास के क्षेत्र में आता है। इसलिए रेलवे का आग्रह है कि सूचना प्राप्ति के बाद अति शीघ्र मंदिर को खाली कर दें, ताकि रेलवे का कार्य समय पर हो सके।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार, उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ, नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होंगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा, जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** काम-काज की स्थिति में सुधार, अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

पुण्यतिथि
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः ।।



स्व. श्रीमती किरण सिंह
पुण्य तिथि : 27 नवंबर, 2022
आपका रिक्त स्थान कोई भर नहीं सकता, आप हमारे हृदय और स्मृतियों में सदैव विद्यमान हैं और रहेंगी।आपके आदर्शों का अनुसरण करना ही हमारा उद्देश्य है ।
शोकाकुल परिवार
डॉ. ज्वाला प्रसाद सिंह (पति), डॉ. कुमार निशांत सिंह (पुत्र)
डॉ. नीतू सिंह (पुत्रवधू), सानवी सिंह (पोती)
फर्म परमेश्वरी मेडिकल सेंटर
डॉ. जेपी सिंह लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड
चिनिया रोड, गढ़वा, झारखंड


SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL
RAMGARH
10+2 Co-Educational Institute , Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
श्री गुरु नानक देव जी की 555वें जयंती पर सभी रामगढ़ जिलावासियो को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कमेटी, श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल कमेटी एवं श्री गुरु गोविन्द सिंह ऑडिटोरियम कमेटी एवं रामगढ़ की सभी सिक्ख सात् –संगत की ओर से लख्–लख् बधाइयाँ।



कर्म भूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना पड़ता है
रब सिर्फ लकीरें देता है रंग हमको भरना पड़ता है
Admission Open
ADMISSION OPEN
Limited seats HURRY UP!
FOR CLASS NURSERY TO CLASS IX
Forms available from 27thNovember 2023 (Monday) 11:00 am onwards.
We prepare your child for the challenges of a rapidly changing world.
Limited seats HURRY UP!
Latest features (First time in Ramgarh)
Artificial intelligence lab
English language lab
Features :-
Sports facilities
Activity based teaching (NEP)
Cultural conclave for students
Holistic development
Multipurpose auditorium
24X7 CCTV
Enhanced transportation
Well equipped laboratories



Contact :-
6200656514 9504166484
7004688826 8709179696
7004361062 9631666159
Your child's future begins here.
www.sgnpsramgarh.org • sgnps.08040@gmail.com
SGNPS, NH-33, Opposite reliance petrol pump, Ramgarh Cantt, Jharkhand, 829122
सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा
चेयरमैन
स्कूल प्रबंधन कमेटी
सरदार मनमोहन सिंह लांबा
डिप्टी चेयरमैन-सह-मैनेजर
स्कूल प्रबंधन कमेटी



सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार
P.R. 312083 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# विधानसभा में संविधान दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संविधान दिवस के अवसर पर झारखंड विधानसभा में रविवार को संविधान की प्रस्तावना का पाठ प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विधानसभा के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ भारद्वाज बने दिल्ली विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गढ़वा जिले के बिशुनपुरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम दर्जिया के गर्ग गोत्रीय शुक्ल वंशज शिक्षक स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद शुक्ल और स्वर्गीय कृष्णा देवी के पौत्र डॉ भारद्वाज शुक्ल का चयन दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपेन लर्निंग के वाणिज्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इनके पिता मार्कंडेय शुक्ल कुशल किसान और माता इंद्रावती देवी धर्मपरायण गृहिणी हैं। सभी प्रक्रियाओं की पूर्णता और ऑफर लेटर मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के एसओएल के वाणिज्य विभाग में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर अपना पदभार ग्रहण किया।

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व कुलपति प्रोफेसर रमेश कुमार पांडेय, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता, प्रो अमर कुमार चौधरी, डॉ संजीव चतुर्वेदी, प्रो कामिनी कुमार, प्रो एसएल एन दास, डॉ जीके श्रीवास्तव, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ एके चटोराज, प्रो जीपी त्रिवेदी, डॉ सुदेश साहू, डॉ स्मृति सिंह, डॉ सविता सेंगर, प्रो अंजनी श्रीवास्तव, सरला बिरला विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा, बिजय कुमार दालान, कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं।

# सीसीएल में संविधान दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटिड(सीसीएल) मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची सहित कमांड क्षेत्रों में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल डॉ बी वीरा रेड्डी , निदेशक (तक./संचा.) आरबी प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) बी साईराम, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एंप्लाई कोआर्डिनेशन काउंसिल (सीसीएल) के प्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। डॉ बी वीरा रेड्डी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका आदि की शक्तियों का वर्णन किया गया है। डॉ रेड्डी ने कहा कि 26 नवंबर का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है।

# कल से भरे जायेंगे इंटर के परीक्षा फार्म

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक कौंसिल ने इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है। 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक बिना लेट फाइन के फॉर्म भरे जा सकते हैं। 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लेट फाइन के साथ परीक्षा फार्म भरे जायेंगे। परीक्षा 6 फरवरी 2024 से शुरू होगी, जो 26 फरवरी तक चलेगी। आवेदन जमा करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों की ओर से एक फार्म छात्रों को उपलब्ध कराया जायेगा। छात्र-छात्राओं को बिना किसी त्रुटि के फार्म भर कर स्कूलों में जमा करने होंगे। इसके बाद स्कूलों-कॉलेजों द्वारा उसे ऑनलाइन किया जायेगा। मैट्रिक परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 नवंबर से ही शुरू हो चुकी है। 2 दिसंबर तक बगैर लेट फाइन के फार्म भरे जायेंगे। लेट फाइन के साथ 3 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आवेदन किये जा सकेंगे।

# परिश्रम, प्रगति और प्रेरणा से परिपूर्ण प्रधानमंत्री के मन की बात : बाबूलाल

**बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना प्रवास के क्रम में बोरियो विधानसभा में मन की बात सुनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 107वां एपिसोड रविवार को संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जन के साथ राज्य के सभी शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम को सुना।

प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने संथाल परगना प्रवास के क्रम में बोरियो विधानसभा में मन की बात सुनी, जबकि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रांची विधानसभा क्षेत्र के इरगु टोली में और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 278, 279 के कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। भाजपा के सांसदों, पार्टी के महासचिव और अन्य नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं संग मन की बात सुनी।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर एपिसोड अपने आपमें अनूठा होता है। रविवार का संस्करण भारत के लोगों, युवा शक्ति के परिश्रम, प्रगति और उनके प्रेरक प्रसंगों से परिपूर्ण था। कहा कि मन की बात का हर प्रेरक प्रसंग हजारों लोगों को देश और समाज के लिए कुछ करने के लिए बल प्रदान करता है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सामूहिक शक्ति से हो रहे सकारात्मक बदलाव को मन की बात में जोर दिया है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बढ़ता भारत, बदलता भारत को दिशा देता है। कहा कि इसमें भारत की प्रकृति, संस्कृति दोनों समाहित होते हैं।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात भारत के जन जन से जुड़ी बात है। इसमें स्वच्छता है, स्वावलंबन है, डिजिटल इंडिया है आत्म निर्भर भारत है। कहा कि प्रधानमंत्री की के वोकल फॉर लोकल अभियान ने देश में चमत्कारिक बदलाव लाये हैं। कहा कि यह क्रांति अब रुकने वाली नहीं।

## टीएमसी सांसद महुआ के बयान पर स्थिति स्पष्ट करें सीएम हेमंत सोरेन: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि टीएमसी सांसद ने केवल सदन में ही नहीं, बल्कि सदन के बाहर भी असंसदीय आचरण दिखाया है। सांसद महुआ मोइत्रा ने जिस प्रकार से झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता को गाली दी है, कुत्ता कहा है, यह अत्यंत शर्मनाक है। झारखंड का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में झारखंड के मुख्यमंत्री और इंडी एलायंस के अन्य घटक दलों की चुप्पी समझ से परे है। झारखंड के मान सम्मान की बात करने वाले लोग चुप क्यों हैं? श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो इंडी गठबंधन का घटक दल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को महुआ मोइत्रा के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। श्री मरांडी ने कहा, भाजपा झारखंड की जनता के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी।

# 32 लावारिस शवों को मुक्ति संस्था ने दिलायी मुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 32 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। फिर संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने उन्हें मुखाग्नि दी। मुक्ति संस्था पिछले नौ वर्षों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करती आ रही है। इन शवों के अंतिम संस्कार के लिए संस्था की ओर से कई दिनों से तैयारी की जा रही थी। रिम्स में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इन लावारिस शवों को जुमार नदी तट पर लाया गया। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। बताते चलें कि संस्था द्वारा अब तक 1655 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। इससे पहले पुलिस की ओर से इन शवों की पहचान के लिए कई प्रयास किये गये। पुलिस ने शवों की पहचान के लिए कई बार विज्ञापन भी निकाले। इसके बाद भी इन शवों की पहचान नहीं हो सकी। इनके संबंधियों की कोई खोज-खबर नहीं आने के बाद आखिरकार लंबे समय से रखे गये इन शवों को सामूहिक दाह संस्कार के लिए संस्था को सौंप दिया गया।



## एक साथ 32 चिता सजायी गयी

इससे पहले संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी में पड़े सभी शवों को पैक कर ट्रैक्टर से ले गये। इनमें से कई शव गल गये थे। इसलिए उन शवों को प्लास्टिक में पैक कर पूरी तरह सील कर दिया गया। सभी शवों को जुमार नदी के तट पर लाकर एक साथ 32 चिता सजायी गयी। इसके बाद शवों को मुखाग्नि दी गयी। दाह संस्कार के सभी विधि-विधान भी पूरे किये गये।

## इनकी रही मौजूदगी

परमजीत सिंह टिंकू, रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, संदीप कुमार, अरुण कुटारियार, सीताराम कौशिक, संजू कुमार, राहुल चौधरी, विकाश सिंघानिया, नवीन गाड़ोदिया, नीरज खेतान, सुमित अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

# वैश्यों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं : महेश्वर साहू

**मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों ने ली शपथ**

**समाज के लिए लड़ने का लिया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संविधान दिवस के मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने केंद्रीय पदाधिकारियों और सदस्यों को समाज और संगठन के प्रति निष्ठा रखने, संघर्ष में समर्पित भाव से साथ देने की शपथ दिलायी। सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और जिला अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि एक दिसंबर को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत करेंगे। यह भी तय किया गया कि नयी केंद्रीय समिति की पहली बैठक 10 दिसंबर को रामगढ़ में होगी। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि संविधान में वैश्य, पिछड़ों के समग्र विकास के लिए काफी प्रावधान किये गये हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जाती रही है। वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में आंदोलन शुरू करना होगा। इस अवसर पर शपथ ग्रहण करनेवालों में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, अश्विनी कुमार साहू, संजीव चौधरी, रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहू, उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता इंदुभूषण गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, दिलीप प्रसाद, रामा शंकर राजन, संगठन सचिव लखन अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

# आदर्श सामूहिक विवाह: 121 जोड़े ने थामा एक दूजे का हाथ

**सात दिव्यांग भी अटूट बंधन में बंधे, वात्सल्य उत्सव का भी आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग और सामाजिक संस्था मी टू वी के सहयोग से रविवार को गौशाला न्यास सुकूरहुटू कांके में नर सेवा ही नारायण सेवा के तहत आदर्श सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव मना। आदर्श सामूहिक विवाह में 121 जोड़ों ने एक-दूसरे का दामन थामा। समारोह में विभिन्न जिलों से आये 121 नवविवाहित जोड़ों का विवाह विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। सात दिव्यांग जोड़ियों का भी विवाह हुआ, जिसका कन्यादान सिंघानिया परिवार के कमल सिंघानिया, प्रदीप और विमल सिंघानिया ने किया। सभी नव दंपतियों को गृहस्थी की सामग्री के साथ विवाह का प्रमाण पत्र दिया गया।

वात्सल्य उत्सव में 16 दिव्यांग संस्थाओं के लगभग 400 बच्चों ने सामान्य बच्चों के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। 200 दिव्यांग जनों और विशेष प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 40 वृद्ध जनों को सम्मानित किया गया। नगर से आये 1000 से भी अधिक लोगों को इंदौर के पौधों को आकर्षक कांच के गमले में रख कर वितरित किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने आये 121 जोड़ों का 22 लोगों ने कन्यादान भी किया। कार्यक्रम की विशेषता आदित्य जालान आदर्श विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा गणेश वंदना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम रहा। उत्सव में पुरुलिया शैली की प्रसिद्ध नटराज कला संगम टीम के कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। न्यू नागपुरिया कला संगम के सुनील महतो की ओर से 22 से भी अधिक कलाकारों द्वारा नागपुरिया गीत-संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी।



आदर्श विवाह समारोह के संयोजक विष्णु कुमार जालान, वात्सल्य उत्सव के संयोजक उम्मल जैन, मी टू वी संस्थान के संयोजक मुरारी अग्रवाल, विहिप झारखंड सेवा विभाग के प्रांतीय सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि 10 वर्षों में अब तक 30 सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें लगभग तीन हजार से भी अधिक कन्याओं का विवाह संपन्न हो चुका है। समारोह में चंद्रकांत रायपत, मुरारी अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, कैलाश केसरी, विष्णु कुमार जालान, उम्मेदमल जैन, भानु प्रकाश जालान, प्रकाश बजाज, बसंत कुमार मित्तल, संजय सर्राफ, विष्णु अग्रवाल, मिथिलेश्वर मिश्रा, निखिल अग्रवाल, सोहन दारूका, डॉ वीरेंद्र साहू, प्रेम अग्रवाल, फतेह चंद्र अग्रवाल, भैरव सिंह, शत्रुघ्न लाल गुप्ता, आनंद अग्रवाल, प्रेम मित्तल, भगवती भुवालका, अरविंद बंका, शशांक भारद्वाज, किशन अग्रवाल, सुनील गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रदीप सिन्हा बने सीआइडी कर्मचारी सहकारी समिति के अध्यक्ष

रांची (आजाद सिपाही)। अपराध अनुसंधान विभाग कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति की आमसभा में रविवार को नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें प्रदीप सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही रंजन कुमार को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, रमेश कुमार, उदय कुमार सिंह, सत्येंद्र तिवारी, बी शर्मा, मनीष कुमार सिंह को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार, ललन प्रसाद,रवींद्र ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

### रांची के उभरते कलाकार के गीत ने मचाया धमाल




रांची (आजाद सिपाही)। रांची के उभरते युवा गायक द्वारा गाया गया गीत 'युवा नेता' को काफी ज्यादा सराहना मिल रही है। खास कर युवा इस गाने को सुन रहे हैं। इस गीत का इंस्टाग्राम पर भी रील बनाया जा रहा है। गीत को लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे है। गीत रांची के विभिन हिस्सों में शूट की गयी है। इसी के साथ ऋषभ सिंह ने बताया कि गीत उनकी गायिकी का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद झारखंड पर बनी गीत भी जल्द रिलीज की जायेगी। उम्मीद है कि इसे भी लोग पसंद करेंगे। इस गीत में विशेष सहयोग सुजीत सिंह, निशांत यादव, विजय पाठक ने किया है। गीत के निर्माता सह निर्देशक प्रमोद रॉय हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मना कैरलि स्कूल का वार्षिकोत्सव

रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को रांची स्थित कैरलि स्कूल में 44वां वार्षिकोत्सव संवर्धनम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि बीआइटी के वाइस चांसलर इंद्रनील मन्ना, इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव मौजुद थे। इस वर्ष का वार्षिकोत्सव संवर्धनम यूएनओ द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्य पर आधारित रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन फिलिप मैथ्यू ने सबका अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि इंद्रनील मन्ना ने जीवन में सफलता का मूलमंत्र निष्ठापूर्वक परिश्रम बताया। मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय पत्रिका परसूट का विमोचन भी किया गया। प्राचार्य राजेश पिल्लई ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही सत्र 2022 और 2023 की उपलब्धियों से अवगत कराया।

### डीएसपीएमयू में संविधान दिवस का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में विश्वविद्यालय के एनएसएस और एनसीसी इकाई के द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. गणेश चंद्र बास्के ने उपस्थित लगभग 200 एनएसएस और एनसीसी के सभी विद्यार्थियों के साथ संविधान की प्रस्तावना से संबंधित शपथ ग्रहण करते हुए उन्हें संविधान की मूल विशेषताओं से अवगत कराया।

### डॉ कुरियन की जयंती को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के रूप में मनाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य दुग्ध उत्पादक महासंघ (मेधा डेयरी) एवं इंडियन डेयरी एसोशिएशन झ्र झारखंड चैप्टरके संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डा. वर्गीज कुरियन का 102वां जन्मदिवस राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के रूप में रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी के प्लांट परिसर में मनाया गया। डा. वर्गीज कुरियन को श्वेत क्रांति के प्रणेता के रूप में भी जाना जाता है, जिनके फलस्वरूप आज भारत देश संपूर्ण विश्व में दुग्ध उत्पादन में अग्रणी स्थान पर है। ज्ञात हो कि मेधा डेयरी, झारखंड सरकार एक उपक्रम है और राज्य से संबद्ध एक मात्र दूध उत्पादकों की सहकारी संस्था है। कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड दुग्ध महासंघ के प्रबंध निदेशक सह अध्यक्ष इंडियन डेयरी एसोशिएशन पूर्वी प्रक्षेत्र सुधीर कुमार सिंह एवं अध्यक्ष इंडियन डेयरी एसोशिएशन झारखंड चैप्टर सह मेधा डेयरी के महाप्रबंधक पवन कुमार मरवाहा द्वारा डॉ. वर्गीज कुरियन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सुधीर कुमार सिंह ने डॉ वर्गीस कुरिएन के साथ अपने कायार्नुभव को शेयर किया। पवन मरवाहा ने सहकारिता के महत्व एवं श्वेत क्रांति की सफलता में डा. वर्गीज कुरियन के अतुल्य योगदान से कार्मिकों को अवगत कराया। इस मौके पर मेधा डेयरी से नितिन शिंकर, टीसी गुप्ता, दीना पाठक, उमा शंकर, दीपक बलियारसिंग एवं अन्य उपस्थित रहे।

### चडरी सरना समिति ने स्वागत किया



रांची (आजाद सिपाही)। चडरी सरना समिति ने गुरु नानक देव के 554वें प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन के दौरान रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर सिख समुदाय के सभी लोगों का स्वागत किया। केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि चडरी सरना समिति सभी धर्मों का सम्मान करती है। चडरी सरना समिति पूजा समिति के सरंक्षक जितेंद्र सिंह ने कहा कि हम यही कामना करते हैं कि सभी के घरों में सुख समृद्धि और शांति आये। चडरी सरना समिति एवं जेके हैप्पी फिट स्कूल की तरफ से नगर कीर्तन में आये सभी सिख समुदायों को पानी, जूस, माला पहना कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, पूजा समिति सरंक्षक जितेंद्र सिंह, पूजा समिति अध्यक्ष सबलू मुंडा, सागर भगत, राहुल मुंडा, विक्की मुंडा, सबलू खान, भोला केशरी, अमनदीप मुंडा आदि उपस्थित थे।

# प्रदूषण के कारण खोजने होंगे

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या को हम कई सालों से सुनते आ रहे हैं। एक से एक सनसनीखेज वैज्ञानिक रिपोर्टों की बातों को हमें भूलना नहीं चाहिए। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि दिल्ली से निकलने वाले गंदे कचरे, कूड़ा-कर्कट को ठिकाने लगाने का पुख्ता इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया। सरकार यही सोचने में लगी है कि यह पूरा का पूरा कूड़ा कहां फिंकवाया जाये या इस कूड़े का निस्तार यानी ठोस कचरा प्रबंधन कैसे किया जाये? जाहिर है इस गुत्थी को सुलझाए बगैर जलाये जाने लायक कूड़े को चोरी-छिपे जलाने के अलावा और क्या चारा बचता होगा? इस गैर-कानूनी हरकत से उपजे धुएं और जहरीली गैसों की मात्रा कितनी है, जिसका कोई हिसाब किसी भी स्तर पर नहीं लगाया जा रहा है। इन सबके चलते आम नागरिकों पर सरकार द्वारा लगाये जा रहे प्रतिबंधों से असुविधा हो रही है, परंतु सरकार या उसकी प्रदूषण नियंत्रण करने वाली एजेंसियां असल कारण तक नहीं पहुंच पा रहीं। जब भी कभी कोई उपभोक्ता एक-एक पाई जोड़ कर अपने सपनों का वाहन खरीदता है, तो उसे उसकी कीमत के साथ-साथ रोड टैक्स, जीएसटी आदि टैक्स भी देने पड़ते हैं। इन सब टैक्सों का मतलब है कि यह सब राशि सरकार की जेब में जायेगी और घूम कर जनता के विकास के लिए इस्तेमाल की जायेगी, परंतु रोड टैक्स के नाम पर ली जाने वाली मोटी रकम क्या वास्तव में जनता पर खर्च होती है? क्या हमें अपनी महंगी गाड़ियों को चलाने के लिए साफ-सुथरी और बेहतरीन सड़कें मिलती हैं? क्या टूटी-फूटी सड़कों की समय से मुरम्मत होती है? क्या देश भर में सड़कों की मुरम्मत करने वाली एजेंसियां अपना काम पूरी निष्ठा से करती हैं? इनमें से अधिकतर सवालों के जवाब आपको नहीं में ही मिलेंगे। यहां एक सवाल यह भी उठता है कि सरकार द्वारा वाहनों के प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने की दृष्टि से कई नियम लागू किये गये हैं। इनमें से अहम है कि दस साल पुराने डीजल और 15 वर्ष से अधिक पुराने पैट्रोल वाहनों को महानगरों की सड़कों पर चलने की अनुमति न देना। इसके साथ ही जिन-जिन वाहनों को चलने की अनुमति है उन सभी वाहनों में वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र यानी पीयूसी होना अनिवार्य भी है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि यदि आपके वाहन में एक वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र है, तो आपका वाहन तय मानकों से अधिक प्रदूषण नहीं कर रहा और तभी आपके वाहन को सड़क पर आने की अनुमति है। पिछले वर्ष नवंबर के महीने में दिल्ली सरकार ने एक आदेश के तहत बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के चलने वाले वाहनों पर 10,000 का मोटा जुर्माना लगाने के आदेश दिये थे। इनका पालन भी सख्ती से होता हुआ दिखायी दिया।

**पिछले वर्ष नवंबर के महीने में दिल्ली सरकार ने एक आदेश के तहत बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के चलनेवाले वाहनों पर 10,000 का मोटा जुर्माना लगाने के आदेश दिए थे। इनका पालन भी सख्ती से होता हुआ दिखायी दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**खाद्य पदार्थों के लिए केंद्र सरकार का कानून और केंद्रीय एजेंसी हैं। खाद्य पदार्थों के एक्सपोर्ट से जुड़े नियमों को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन डीजीएफटी को अधिकार हासिल हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक एक्सपोर्ट से हुई विदेशी मुद्रा की आमदनी का हिसाब-किताब रखते हैं। उसके साथ राज्य सरकारों के पास खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच और नियमन के अधिकार हैं। इसके लिए फूड और सप्लाई अधिकारियों की स्थानीय स्तर पर नियुक्ति की जाती है।**

# हलाल उत्पादों के लिए पूरे देश में एक समान नियम बने

विराग गुप्ता

बुलडोजर के बाद यूपी सरकार का हलाल उत्पादों के खिलाफ एक्शन, दूसरे राज्यों को खूब भा रहा है। अब पूरे देश में हलाल उत्पादों के गैर-कानूनी प्रमाणीकरण पर रोक लगाने की मांग भी होने लगी है। इन झटपट मुद्दों से वोटों का जल्द ध्रुवीकरण होता है, इसलिए नेताओं को ये बहुत भाते हैं। सनद रहे कि भारत से सालाना 26 हजार करोड़ रुपये के मीट पदार्थों का निर्यात होता है। बड़े पैमाने पर हो रहे निर्यात की वजह से हलाल उत्पादों का कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है।

खाद्य पदार्थों के लिए केंद्र सरकार का कानून और केंद्रीय एजेंसी हैं। खाद्य पदार्थों के एक्सपोर्ट से जुड़े नियमों को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन डीजीएफटी को अधिकार हासिल हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक एक्सपोर्ट से हुई विदेशी मुद्रा की आमदनी का हिसाब-किताब रखते हैं। उसके साथ राज्य सरकारों के पास खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच और नियमन के अधिकार हैं। इसके लिए फूड और सप्लाई अधिकारियों की स्थानीय स्तर पर नियुक्ति की जाती है।

**यूपी पुलिस की धरपकड़ और जब्ती :** जन-धारणाओं के अनुसार सिर्फ मीट पदार्थ ही हलाल के दायरे में आते हैं। इसलिए बड़े पैमाने पर यह विवाद है कि शाकाहारी खाद्य पदार्थों, दवाओं और प्रसाधन सामग्री के लिए हलाल सर्टीफिकेट की जरूरत क्यों है? जबकि समर्थकों के अनुसार विदेशों से आये मुस्लिम पर्यटकों के लिए खाद्य पदार्थों में हलाल सर्टीफिकेट की जरूरत होती है। पुलिस और यूपी सरकार का कहना है कि हलाल सर्टीफिकेट देने वाली कंपनियां और ट्रस्ट यह सारा काम गैर-कानूनी तरीके से कर रहे हैं। उनके अनुसार हलाल के गोरखधंधे में हो रही हजारों करोड़ की अवैध आमदनी का नाजायज इस्तेमाल हो रहा है। देश-विरोधी गतिविधियों और साजिश की धाराओं के तहत पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल सर्टिफाइड खाद्य पदार्थों, दवाओं और प्रसाधन सामग्री को जब्त करने का अभियान शुरू किया है। पुलिस के अनुसार इस गैर-कानूनी धंधे के तार कट्टरपंथी और आतंकी संगठनों से जुड़े हो सकते हैं जिसका खुलासा जांच के बाद होगा।

**हलाल एक अरबी शब्द है। इसका मतलब यह है कि खाने-पीने से जुड़े पदार्थों का निर्माण इस्लामी परंपराओं और मान्यताओं के मुताबिक किया गया है।**

**केंद्र सरकार कानून और एजेंसी बनाये :** इस विवाद के कानूनी और आर्थिक पहलुओं के विश्लेषण से पहले हलाल उत्पादों के सर्टीफिकेट की धार्मिक पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। हलाल एक अरबी शब्द है। इसका मतलब यह है कि खाने-पीने से जुड़े पदार्थों का निर्माण इस्लामी परंपराओं और मान्यताओं के मुताबिक किया गया है। इसीलिए इस्लामिक देशों में इंपोर्ट के लिए हलाल लेबलिंग की जरूरत पड़ती है। इसीलिए भारत से इस्लामिक देशों में निर्यात के लिए हलाल सर्टीफिकेट जारी होना चाहिए। लेकिन भारत के बाजार में चीनी, चायपत्ती, तेल, नमकीन, पिपरमेंट जैसे शाकाहारी खाद्य पदार्थों के साथ टूथब्रश, साबुन, टूथपेस्ट और परफ्यूम जैसी प्रसाधन सामग्री के लिए भी जारी करने के रिवाज से विवाद हो रहे हैं।

इस विवाद के बढ़ने पर खाड़ी और इस्लामिक देशों से भारत में आ रहे विदेशी पर्यटकों पर भी प्रभाव पड़ सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और इसराईल-हमास संघर्ष के बीच हलाल विवाद की वजह से विदेशी मुद्रा की आमदनी पर संकट आना देश की अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं होगा। मीट प्रोडक्ट के लिए वाणिज्य मंत्रालय के तहत डीजीएफटी ने जनवरी 2023 में हलाल सर्टीफिकेट के लिए ड्राफ्ट गाइडलाइन जारी किया था, जिन्हें अप्रैल 2023 में नोटिफाई किया गया। उसके बाद इनके क्रियान्वयन की समय-सीमा को बढ़ा कर अप्रैल 2024 कर दिया गया है। वाणिज्य मंत्रालय और डीजीएफटी की गाइडलाइंस के अनुसार हलाल सर्टिफिकेट जारी करने के लिए नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड का सर्टीफिकेशन और क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया की भूमिका निर्धारित है। इनके द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार मीट प्रोडक्ट्स के लिए हलाल सर्टिफिकेट जारी किया जा सकता है। एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलेपमेंट अथॉरिटी को इसकी मॉनिटरिंग के लिए एजेंसी नियुक्त किया गया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार खाद्य पदार्थों की जांच और प्रमाणीकरण का काम सरकारी एजेंसियों को करना चाहिए। उनके इस बयान के बाद कानूनी उलझनें बढ़ गयी हैं। केंद्रीय एजेंसी एफएसएसएआइ भारत में खाद्य पदार्थों के प्रमाणन के साथ इसके व्यापार का भी नियमन करता है। विगत कई सालों से एक्सपोर्ट हो रहे खाद्य पदार्थों में हलाल सर्टीफिकेट की व्यावहारिक अनिवार्यता के बावजूद एफएसएसएआइ ने इस बारे में कानून और प्रक्रिया नहीं बनायी। केंद्र सरकार की एजेंसी की इस विफलता की वजह से धार्मिक और कट्टरपंथी संगठन मनमाने तरीके से हलाल प्रमाण-पत्र जारी कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए केंद्र सरकार को स्पष्ट नियम और प्रक्रिया तय करने की जरूरत है। राज्यों में मनमाने तरीके से खाद्य पदार्थों की जब्ती और व्यापारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का दौर शुरू हुआ तो इंस्पैक्टरी राज बढ़ने के खतरे हैं।

खाद्य पदार्थों के अलावा कई अन्य तरह के उत्पादों की बिक्री और एक्सपोर्ट के लिए निजी एजेंसियां सर्टीफिकेट जारी करती हैं। इसलिए हलाल से जुड़े सर्टीफिकेट को जारी करने के लिए सरकारी एजेंसी होना जरूरी नहीं है। हलाल सर्टीफिकेट के नाम पर चल रहे अवैध कारोबार और गोरखधंधे पर सभी राज्यों को कठोर कारवाई करनी चाहिए। इस विवाद की वजह से अराजकता बढ़ने का खामियाजा एक्सपोर्टरों को उठाना पड़ सकता है। हलाल विवाद से भारत में व्यापार, निर्यात और पर्यटन पर बुरा असर नहीं पड़े, इसके लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में हलाल उत्पादों के निर्माण, संग्रह, बिक्री और प्रमाणीकरण के लिए एक समान नियम बनाने की जरूरत है।

**(लेखक : सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हैं।)**






**खाद्य पदार्थों के अलावा कई अन्य तरह के उत्पादों की बिक्री और एक्सपोर्ट के लिए निजी एजेंसियां सर्टीफिकेट जारी करती हैं। इसलिए हलाल से जुड़े सर्टीफिकेट को जारी करने के लिए सरकारी एजेंसी होना जरूरी नहीं है। हलाल सर्टीफिकेट के नाम पर चल रहे अवैध कारोबार और गोरखधंधे पर सभी राज्यों को कठोर कारवाई करनी चाहिए।**

## जमशेदपुर की खबरें

# लाखों के गहने और नगदी के साथ मां-बेटा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बीते दिनों जुगसलाई बाटा चौक निवासी अनिल अग्रवाल के बंद घर से टाला तोरकर नगद एक लाख व लगभग 10 लाख के गहने चोरी के मामले का खुलासा कर दिया। रविवार को एसएसपी किशोर कौशल ने इसकी जानकारी दी। एसएसपी ने बताया अनिल अग्रवाल के परिवार छठ पूजा के दिन जुगसलाई के महाकालेश्वर छठ घट गये थे। उस दौरान घर का ताला तोड़ कर अज्ञात अपराधी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना की सूचना मिलने पर सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठनकर कारवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद अजहर को बंगाल से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरी के जेवरात अपनी मां को देकर पश्चिम बंगाल फरार हो गया था। पुलिस आरोपी के घर में उसके मा के पास से 30 हजार नगद और सभी गहने को बरामत कर लिया। इस मामले में आरोपी के मां नइमा खातून को भी हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अजहर इमाम से पूछताछ के दौरान उन्होंने चोरी की बात स्वीकारी है। एसएसपी ने बताया जमशेदपुर पुलिस के लिए यह एक बड़ी सफलता है। पुलिस के द्वारा चोरी किये गये सारे आभूषण को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार मोहम्मद अजहर इमाम पर विभिन्न थाना क्षेत्र में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से नगद 29 हजार 990 रुपये, 13 फोन, एक जोड़ा सोने का बाला, एक जोड़ा मांग टीका, एक सोने का सिक्का, एक सेट सोने का बाली, 8 सेट सोने का कानबाली, छह अंगूठी, एक सोने का पेनडेंट, एक सोने का नाक का नथुनी, एक सोने का नाक का कांटा, 19 पीस चांदी का सिक्का, एक चांदी का झुनझुना बरामद कर लिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी कुणाल कुमार, अवर निरीक्षक आशीष प्रसाद, शमीम खान, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, आशुतोष रजक, आरक्षी वासुदेव महतो एवं गृहरक्षक बिहारी मिश्रा शामिल रहे।

### विधायक ने सोशल मीडिया और बूथ कमेटी के साथ की बैठक

# कार्यकर्ता विकास कार्य को जन जन तक पहुंचायें: मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आगामी चुनाव को देखते हुए जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में झामुमो का बूथ कमेटी व सोशल मीडिया को मजबूत बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर देवराज पैलेस में आयोजित बैठक में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने देश के संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरूआत की। इस अवसर पर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता व विधायक समर्थक उपस्तित रहे। विधायक ने कार्यकर्ताओं को सभी बूथ पर बूथ कमेटी बनाकर पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए दिशा निर्देश दिया। विधायक ने कहा क्षेत्र के विकास कार्य का सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक कार्यकर्ता पहुंचाये। आम लोगों से संपर्क मजबूत करे। उन्होंने कहा राजनीति में सोशल मीडिया व समाचार पत्र का अहम भूमिका है। अपनी बातें व उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। विधायक ने कहा हेमंत सरकार में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का तेजी से विकास हो रही है। कार्यकर्ता सोशल मीडिया के माध्यम से विकास कार्य को जनता तक पहुंचाएं। ताकि आने वाले चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन मजबूत हो सके। इस अवसर पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, झामुमो नेता सह मुखिया पलटन मुर्मू, जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया नागी मुर्मू, मुखिया पानो मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, पंचायत समिति सदस्य दीपू सिंह, मिथुन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह, माणिक मल्लिक,मनोहर हूसेन, पप्पु यादव, माणिक महतो, राकेश चक्रवर्ती, सामू मल्लिक, मुकेश शर्मा, रुस धीवर, शिबू ओझा, मालती बास्के, वंदना चटर्जी, कुमकुम पोद्दार, कंचन देवी, बबिता करुवा, देवकी मुर्मू, बुलबुल दास, मो जमिल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ललित दास ने राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात की

### ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास भी मौजूद रहे



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने भुवनेश्वर राजभवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास मौजूद रहे। मुलाकात के क्रम में ललित दास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# आजसू के मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व मंत्री, सैकड़ों लोगों ने थामा पार्टी का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के परसुडीह हल्दबनी मैदान में आजसू पार्टी का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को मिलन समझ में पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। मौके पर अनिकेत शर्मा व सुभाष मछुआ के नेतृत्व में सैकड़ो झामुमो,कांग्रेस व भाजपा नेता अपने समर्थको संग आजसू पार्टी की सदस्यता ली। मौके पर झामुमो के शंकर प्रजापति अपने समर्थको संग आजसू पार्टी में शामिल हुए। वही भाजपा नेत्री बबिता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिला व युवा पार्टी की सदस्यता ली। कांग्रेस पार्टी से दीपक प्रजापति और धीरज शर्मा के नेतृत्व में आजसू पार्टी की सदस्यता की। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने सभी को पार्टी की नीति सिद्धांत की शपथ दिलाते हुए पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता लेने वालो में भाजपा से बबिता सिंह,आशा देवी,आरती देवी, धनेश सिंह गुड्डू, विशाल दास, जीतू दास,तारा देवी, पिंकी मुखी, गुड़िया देवी, नीलम सिंह, मौली मछुआ, सुनीता मछुआ, झामुमो से शंकर लाल प्रजापति, अनिकेत शर्मा, सुभाष मछुआ, नितेश रजक,ओम सिंह,लवली श्रीवास्तव,अशिस दास,अभिषेक शर्मा, रोहन पात्रों, रोहन यादव, अभिषेक कुमार, अंकित शर्मा, हिमांशु गोप,अजय कुमार,रोहित कुमार, आशु शर्मा, रोहित तांती, अरुण कुमार, अरुण कुमार दास, नामू कुंडू, सुमन दास, अभिषेक शर्मा, विशाल शर्मा, शशिकांत शर्मा, राजा दास, अमित दास, रमेश उरांव, आकाश मुखी, अमन मिश्रा,कांग्रेस से दीपक प्रजापति, धीरज कुमार शर्मा,मनोज मछुवा, नीरज रजक, डाक्टर भुइया, श्यामल बोस, कृष्ण बेहरा, सिकंदर दास, रंजन दीपू शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान कन्हैया सिंह, प्रो रविशंकर मौर्या, दीपक अग्रवाल, बुल्लू रानी सिंह सरदार, संजय मलाकार, संजय सिंह, संतोष सिंह, धर्मवीर सिंह, अप्पू तिवारी, हेमंत पाठक, आदित्य महतो, प्रकाश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# झामुमो सुरदा पंचायत कमेटी का पुनर्गठन

**बासु सोरेन अध्यक्ष व यस मार्डी को सचिव का पदभार, बूथ कमेटी में दस पुरुष, पांच महिला को मिला जिम्मेदारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा स्थित बाड़घाट फुटबॉल मैदान में झामुमो पंचायत कमेटी का एक बैठक आयोजित की गयी। रविवार को सुरदा पंचायत प्रभारी धानो मुर्मू व झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी गौरांग माहली के नेतृत्व में बैठक के दौरान पंचायत कमेटी का पुनर्गठन व बूथ कमेटी का विस्तार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत समिति के अध्यक्ष बासु सोरेन, सचिव यस मार्डी, कोषाध्यक्ष सायबा हेम्ब्रम व सहसचिव का पदभार मायनों सोरेन को सौंपा गया। साथ ही पंचायत के बूथ कमेटी का गठन कर दस पुरुष और पांच महिलाओं को शामिल किया गया।

इस मौके पर ऊपरबांधा माझी किसुन मुर्मू, रामदास सोरेन, दलों मार्डी, महेंद्र कर्मकार, जयराम सोरेन, बुद्धेश्वर मुर्मू, चुनू मार्डी, सिदो मार्डी, रघुनाथ टुडू, मंगल हेंब्रम, टिंकू कर्मकार, आरसु सोरेन, छीता मार्डी, बासी सोरेन, गीता सोरेन, चुनी मार्डी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

## डॉ भारद्वाज शुक्ल बने दिल्ली विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के विशुनपुरा प्रखंड के ग्राम दर्जिया के शुक्ल वंशज शिक्षक स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद शुक्ल और स्वर्गीय कृष्णा देवी के पौत्र डॉ भारद्वाज शुक्ल का चयन देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के वाणिज्य विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इनके पिता मार्कंडेय शुक्ल कुशल किसान और माता इंद्रावती देवी गृहणी हैं। सभी प्रक्रियाओं की पूर्णता और ऑफर लेटर मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के एसओएल के वाणिज्य विभाग में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। लोगों ने बधाई दी है।

### सांसद और विधायक ने संयुक्त रूप से किया शिलान्यास

## 54 लाख से बदलेगी राजा तालाब की तस्वीर

**पीएम मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग का विकास तेजी से हो रहा है। अधूरे सभी काम जल्द पूरे होंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** गरबांध गांव स्थित राजा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास सांसद बीडी राम और विधायक भानू प्रताप शाही ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। उक्त कार्य 54 लाख रुपये की लागत से होगा। तालाब पर बने सड़क को पीसीसी बनाया जायेगा। साथ ही सड़क के दोनों ओर लाइटिंग, घाट का निर्माण होगा। शिलान्यास के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा की गरबांध पंचायत को पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देश पर मेरे द्वारा आदर्श पंचायत के रूप में चयनित किया गया है। पंचायत का समुचित विकास हो, इसके लिए लगातार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। राजा तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य हो जाने से पंचायत का प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग का विकास तेजी से हो रहा है। अधूरे सभी काम जल्द पूरे होंगे। विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि गरबांध गांव का इतिहास रहा है। महान नीलांबर पीतांबर को इसी गांव से गिरफ्तार किया कर भंडरिया में फांसी दिया गया था। उन्होंने कहा की नगर गढ़ से कई विधायक हुए लेकिन गरबांध के विकास के बारे में किसी ने नही सोचा। आज मेरे और सांसद के प्रयास से गांव में शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। सड़क की समस्या को भी जल्द दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर गढ़ ने विकास की जगह इस गांव को शिकारगाह बना दिया था। ऐसे लोगों की बात में अब नही आना है। कार्यक्रम को भाजपा नेत्री लवली आनंद, लक्ष्मण राम, मथुरा राम, मुकेश चौबे, कुमार कनिष्क सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, विकास पांडेय, विक्की देव, लालमोहन यादव, संजय कांस्यकार, मुनिप यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संविधान दिवस पर दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** संविधान दिवस के मौके पर समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में सभी वरीय पदाधिकारियों और कार्यालय कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। सभी ने संविधान के प्रति भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा, उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढाने के लिए, दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई0 को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का शपथ लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, जिस दिन भारत के संविधान मसौदे को अपनाया गया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। उन्होंने संविधान दिवस की सभी को बधाई दी साथ हीं पदाधिकारियों/कर्मियों को संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का कार्य में भी ईमानदारी से अनुपालन करने को कहा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर रतन, जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील राय समेत समाहरणालय के अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव और प्रतिनिधि संग बैठक किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जिले भर में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले भर में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, नाम/पता में सुधार करने समेत अन्य विषयों को लेकर 21 जुलाई 2023 से लेकर 21 अगस्त 2023 तक सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वेरिफिकेशन कार्य किया गया है। उक्त वेरिफिकेशन कार्य के दौरान छुटे हुए मतदाताओं और दावा आपत्ति को लेकर द्वितीय भ्रमण के तहत 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक जिलेभर में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। जिससे कोई भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में न छुटे और वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाए। इस कार्य के लिए क्षेत्र के लोगों के बीच इसकी जानकारी और उनकी सहायता हेतु सभी राजनीतिक दलों को बीएलए नियुक्त करने को कहा गया, जिससे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का द्वितीय भ्रमण दावा आपत्ति अवधि का सफल संचालन कराया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अपने अपने दल का एजेंट प्रति नियुक्ति करते हुए उसकी सूची संबंधित ई आर ओ को अथवा निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें। कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान त्रुटि रहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण हेतु राजनीतिक दलों से अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

### अलखनाथ पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया खेल का शुभारंभ

## गढ़वा को 3-0 से परास्त कर धनबाद फाइनल में



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वालीबॉल संघ के तत्वाधान में 16 वां राज स्तरीय अंतर जिला यूथ बालक बालिका वर्ग के प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालक वर्ग का सेमीफाइनल मैच का प्रारंभ भाजपा नेता अलख पांडेय के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दिया गया। पहला सेमीफाइनल गढ़वा और धनबाद के बीच खेला गया जिसमें धनबाद की टीम ने गढ़वा को 3-0 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच रांची और हजारीबाग के बीच खेला गया जिसमें हजारीबाग की टीम ने रांची टीम को 3-0 से हराया। तीसरा स्थान के लिए गढ़वा वर्सेस रांची के बीच खेला गया जिसमें गढ़वा की टीम 2-1 से विजय रहा। बालिका वर्ग टीम फाइनल में गोड्डा बनाम पश्चिमी सिंहभूम के बीच खेला गया। जबकि बालक वर्ग के फाइनल मैच हजारीबाग और धनबाद के बीच खेला गया। खबर लिखे जाने तक फाइनल का मैच जारी था। इस मौके पर झारखंड वालीबाल संघ के महासचिव शेखर बॉस आयोजन समिति के अध्यक्ष उप विकाश आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध प्रसाद यादव, अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, सचिव ओमप्रकाश तिवारी प्रसाद, कमलेश पांडेय, अरविंद दुबे अंशु दुबे, अरुण तिवारी, अंशु पांडेय, सुमित मिश्रा रमाशंकर सिंह, विशाल पांडेय, श्याम नारायण पांडे विकास तिवारी सहितकई लोगों को उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण खबरें

## 151 बेटियों के सामूहिक विवाह में सोसाइटी को तन मन धन से सहयोग करूंगा: कामेश्वर बैठा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा आगामी छह दिसंबर को आयोजित किये जाने वाले 151 गरीब असहाय बेटियों के ब्याह हेतु सारी तैयारी युद्धस्तर पर जारी है। जहां एक ओर आयोजन स्थल पर टेंट लगाया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर बेटियों को विदाई में दिए जाने वाले सामग्री को भी तैयार किया जा रहा है। आज आयोजन की तैयारी का जायजा लेने पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा पहुंचे जिनके द्वारा सोसाइटी के सचिव विकास माली के इस पुनीत अभियान की सराहना की गयी वहीं सभी से सहयोग की अपील भी की गयी ताकि सोसाइटी के हर आयोजन की तरह यह सामूहिक विवाह आयोजन भी विधिवत संपन्न हो सके। इस दौरान पाल्मू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा की कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा ऐतिहासिक सामूहिक विवाह कराया जा रहा है। मैं सोसाईटी को तन, मन, धन से सहयोग करूंगा।

## भाजपा नेताओं ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु स्थल का अवलोकन पार्टी के पदाधिकारी और प्रमुख लोगो के द्वारा किया गया। स्थल परिवर्तन कर विधायक भानु प्रताप शाही के जिला मुख्यालय गढ़वा आवास परिसर में प्रशिक्षण कराने का पार्टी पदाधिकारी और प्रमुख लोगों के बीच तय किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि प्रशिक्षण के लिए जिला कार्यालय छोटा पड़ने के कारण स्थल परिवर्तन की गयी है। कार्यक्रम जिला संयोजक राजीव रंजन तिवारी ने बताया प्रशिक्षण हेतु सारा तैयारी कर ली गयी है। कार्यक्रम स्वरूप भव्य होगा। कार्यक्रम प्रभारी रघुराज पांडेय ने बताया भाजपा अपने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देते रहती है और समाज के प्रति अपनी जवाब देही को याद दिलाते रहती है इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश के निदेर्शानुसार भाजपा समर्थित ब्लॉक प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 नवंबर 2023 दिन बुधवार को गढ़वा जिला मुख्यालय विधायक भानु प्रताप शाही के गढ़वा आवासीय परिसर में आयोजित की जायेगी। स्थल अवलोकन करते हुए। जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी पूर्व जिला अध्यक्ष इस कार्यक्रम के प्रदेश के द्वारा प्रभारी रघुराज पाण्डेय पूर्व प्रदेश महामंत्री प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जवाहर पासवान इस कार्यक्रम सफल बनाने हेतु जिला संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप महामंत्री यसवंत मिश्रा सोशल मीडिया प्रभारी ब्रजेन्द्र पाठक और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## स्वच्छ भारत मिशन की केंद्रीय टीम ने निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** भारत सरकार के केंद्रीय टीम के द्वारा शानिवार को सगमा प्रखंड में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन योजनाओं का निरीक्षण किया गया। टीम ने निरीक्षण के बाद कार्यो की प्रशंसा करते हुए संतोष जताया है ।

केंद्र सरकार के द्वारा गढ़वा जिले में स्वच्छ भारत मिशन व जल जीवन मिशन का लगातार निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है। इस क्रम में शानिवार को दो सदस्यीय केंद्रीय टीम ने सगमा प्रखंड के घघरी पंचायत के घघरी दुसैया चैनपुर के साथ झूनका गांव में निरीक्षण के दौरान गांव स्तर पर कचड़ा निष्पादन के लिए बनाये गये नाडेप की सराहना करते हुए केंद्रीय टीम के प्रमुख सोमेंद्र गांगुली ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों से निकलने वाले सूखा कचड़ा नाडेप में ही निष्पादन करना है इसमें नष्ट नहीं होने वाले प्लास्टिक कचड़ा को इसमें नहीं डालना है प्लास्टिक के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पायेगा। नाडेप में डाले गए कचड़ा एक वर्ष से भी कम समय मे उत्तम कोटि का कंपोस्ट खाद तैयार हो जाता है। इसे किसान भाई रासायनिक खाद के स्थान पर आसानी से उपयोग कर फसल का पैदवार बढ़ा सकते हैं टीम ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के लिए बनाए जा रहे पानी टंकी का भी निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था को आवश्यक निर्देश दिया । इस अवसर पर केंद्रीय टीम के साथ जल एवम स्वस्क्षता विभाग के सहायक अभियंता राजेस कुमार कनीय अभियंता भरत प्रसाद सोसल मोब्लेजर जियाउल हक अंसारी विभाग के जिला समन्वयक विनय कांत रवि घघरी मुखिया प्रतिनिधि असोक राम सिधेस्वर नाथ चौबे उदय राम अरुण यादव महताब अंसारी एजाज अंसारी उपस्थित थे ।

## महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस मना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय, 26 नवंबर 2023 दिन रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संयुक्ता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर महाविद्यालय के एन एस एस पदाधिकारी प्रो अनीता तूफानी, प्रो सुनील पाल, रामाशंकर सिंह, सम्पत सिंह, राकेश पाल, रमेश कुमार और सभी छात्राएं उपस्थित थीं।

## जरासंध महोत्सव तैयारी को लेकर दौरा किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आगामी 10दिसम्बर को आयोजित होनेवाले जरासंध महोत्सव तैयारी को लेकर गढ़वा प्रखंड रंका प्रखंड का संघन दौरा चंद्रवंशी सेना के द्वारा किया गया। इस दौरान लगभग दो दर्जन गांव में बैठक कर निमंत्रण देते हुए चंद्रवंशी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, संयोजक विनोद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अनिल चंद्रवंशी, सचिव संजय चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद चंद्रवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष सोनू चंद्रवंशी, गौतम चंद्रवंशी, अतुल चंद्रवंशी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**रमना (आजाद सिपाही)।** मड़वनिया पंचायत सचिवालय के प्रांगण में रविवार को राधिका नेत्रालय चिरौंजिया मोड़,गढ़वा के तत्वावधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया स्वीटी वर्मा और विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर के दौरान 50 मरीजो का नेत्र जांच किया गया। जिसमें 16 मरीजो का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया। जबकि शेष मरीजो को चिकित्सीय परामर्श दिया गया। उक्त 16 चयनित मरीजो का ऑपरेशन एक दिसम्बर को राधिका नेत्रालय चिरौंजिया मोड़, गढ़वा में किया जायेगा। मौके पर नेत्र चिकित्सक डॉ सुशील, सुनील कुमार,धर्मेंद्र, हरिचन्द यादव, अलीजान अंसारी, अमित प्रकाश, प्रियांशु कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## संविधान दिवस पर पुलिस कर्मियों ने ली शपथ



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक सह प्रभारी थाना इनचार्ज सुरजीत चौधरी के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को आगे से पढ़ा गया जिसे सभी पदाधिकारियों और जवानों ने एक स्वर में प्रस्तावना को दुहराते हुए संविधान की शपथ ली। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी ने कहा हम सबको संविधान का बखूबी पालन करना चाहिए तथा आम लोगों को भी संवैधानिक नियमों से अवगत कराना हम सब का फर्ज बनता है। शपथ लेने वालों में पुलिस अवर निरीक्षक संजय हेंब्रम, एएसआई संतोष कुमार, सत्येंद्र चौबे, रिजर्व आर्म गार्ड के जवान राजीव दुबे, हवलदार वीरेंद्र राम, जितेंद्र रजक, आरक्षी आशुतोष पांडेय, आशुतोष महतो और नीरज कुमार पांडे सहित कई जवान शामिल थे।

## एसपीडी कॉलेज में संविधान दिवस मना

आजाज सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई) द्वारा महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा संविधान की विशेषता और इसके बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। मौके पर विनीत चौबे, पुनीत चौबे, लौकिक विश्वकर्मा और सिमरन सोनी को भाषण और पेंटिंग के लिए पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने कहा कि भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा संविधान माना जाता है। प्राचार्य ने कहा कि संविधान किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए शीर्ष होता है। देश में सभी कार्य संविधान के तहत ही होते हैं। इस दिन का प्रमुख उद्देश्य संविधान की विशेषता को और इसके बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना है। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया था। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो कमलेश सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास तथा राष्ट्र की भावना को जागृत करने की दिशा में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में आज यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम किया गया। प्रो भरत उपाध्याय ने कहा कि संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढ़ाल बनकर हमें हमारा हक दिलाता है। वहीं इसमें दिए मौलिक कर्त्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। डॉ उमेश सहाय ने कहा कि संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे थे। यह 26 नवम्बर 1949 को पुरा हुआ और इसे अपनाया गया। आज का दिन हमें इसी महत्वपूर्ण तिथि की याद दिलाता है। डा अरविन्द कुमार गुप्ता ने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। प्रो प्रमीला ने कहा कि संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। मौके पर डॉ शारदा कुमारी, प्रो दिवाकर चतुवेर्दी, प्रो. शबनम, प्रो सत्यदेव कुमार आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


### राज्यसभा सांसद ने किया पुरानीराय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में इंटरमीडिएट भवन का शिलान्यास

# शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए करेंगे हरसंभव मदद : राज्यसभा सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में रविवार को दो नये इंटर मीडिएट भवन का शिलान्यास राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के अलावा कांके विधायक व भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार स्कूल प्रांगण में स्कूल भवन की कमी को देखते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सांसद मद से भवन निर्माण की घोषणा की थी। करीब साढ़े 14 लाख रुपए की लागत से दो नए इंटर मीडिएट भवन का शिलान्यास किया गया। अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद ने कहा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। स्कूल प्रांगण में दो नए भवन बनने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो, राजेंद्र महतो, अनिल सिंह, मनोज कुमार, अंजू झा, ज्योति सिंह, ओंकार तिवारी, शिव प्रसाद, रामप्रसाद महतो, सुखदेव महतो, तेजू महतो, एतवारा महतो, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, शशि भूषण सिंह, खलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, प्रीतम साहू, कार्तिक पांडेय, आनंद सिंह, गणेश यादव, भरत रजक, सत्यम सिंह, चतुर्गुण भुइयां, गणेश यादव, रितेश केसरी, रामेश्वर महतो, राजू गुप्ता आदि मौजूद थे।


स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करते राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, कांके विधायक व अन्य।

# सप्ताह में चार दिन की अधिकृत छुट्टी लेने वाले को मिल सकेगी संडे ड्यूटी

## मजदूरों की एकता की जीत : आरसीएमएस

**आरसीएमएस इंटक के बंद के बाद प्रबंधन ने संडे डिउटी संबंधी पूर्व के आदेश में किया बदलाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** आरसीएमएस इंटक की ओर से अपनी मांगों को लेकर पूर्व घोषित एनके एरिया बंद रविवार की सुबह में प्रथम पाली से शुरु किया गया। करीब चार घंटे तक काम बंद रहने के बाद प्रबंधन ने अपने आदेश में बदलाव का निर्णय लिया। प्रबंधन द्वारा जारी नए आदेश में संडे ड्यूटी संबंधी पूर्व के आदेश में थोड़ा बदलाव कर दिया गया। अब वैसे कामगार जो सप्ताह में चार दिनों तक अधिकृत छुट्टी लिए उन्हें भी संडे ड्यूटी का अवसर मिल सकेगा। आरसीएमएस ने संगठित व असंगठित मजदूरों के हित से संबंधित पांच सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करते हुए रविवार को एनके एरिया के परियोजनाओं में बंद का आह्वान कर कामकाज प्रभावित कर दिया। प्रबंधन द्वारा लिखित आदेश निकाले जाने के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया। इससे पूर्व सुबह प्रथम पाली शुरू होते ही बंद समर्थक सभी हाजिरी घर में आकर बैठ गए जिससे संगठित क्षेत्र के मजदूर बगैर हाजिरी बनाए घंटों खड़े रहे और खदान का काम बंद रहा। वहीं दूसरी ओर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने कोयला ढुलाई का काम बंद कर दिया जिससे प्रबंधन तुरंत हरकत में आई और संडे मुद्दे पर एक लिखित आदेश निकाली। जिसमें संडे ड्यूटी के लिए चार दिन सशरीर उपस्थिति की बाध्यता में एक सुधार कर चार दिन की अधिकृत छुट्टी को भी स्वीकार करने का निर्णय लिया है। इस आदेश के बाद संगठन ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। संगठन के बीएन पांडेय और अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि यह मजदूरों के एकता की जीत है। मजदूरों की समस्याओं के समधान के लिए आरसीएमएस इंटक हमेषा मजदूरों के साथ खड़ा है। बताया कि अन्य मुद्दों के भी समाधान का भरोसा प्रबंधन द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी मजदूरों को उनका हक और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए आरसीएमएस लड़ाई जारी रखेगा। दोनों यूनियन पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी मजदूरों को बधाई एवं षुभकामनाएं भी दी। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर को आरसीएमएस इंटक एनके एरिया द्वारा डकरा वीआईपी क्लब में समीक्षा बैठक रखी गई है। साथ ही यूनियन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित मजदूरों से समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई। आंदोलन में सोनू पांडेय, सुनील सिंह, कमल मुंडा, जयंत पांडेय, मुमताज अहमद, पज्जु महतो, जशवंत पांडेय, प्रदीप पांडेय, प्रमोद कुमार, रंजीत नोनिया, अशोक सिंह, अमजद खान, अफजल अंसारी, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार, इंट्रेश मद्रासी, मनोज महतो, अशोक महतो, अजय सिंह सहित संगठित-असंगठित मजदूर लोग शामिल थे।


एनके एरिया में बंद के दौरान मौजूद आरसीएमएस पदाधिकारी व कामगार।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सिल्ली के युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान विदेसी कोईरी (30) के रूप में हुई है। वह सिल्ली के काड़ाकाटा का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर 2.30 बजे रांची से मुरी की ओर आ रही आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनों से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उधर, सूचना पाकर रांची रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## पिपरवार में मनाया गया संविधान दिवस




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल व आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन कर संविधान की रक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। साथ ही डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रस्तावना संदेश को पढ़ा गया। पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। जीएम सीबी सहाय ने प्रस्तावना संदेश पढ़कर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलायी। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। संविधान की रक्षा करते हुए राष्ट्रहित में बेहतर कार्य करने की अपील की। इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, एसओ ईएण्डएम जेएन दत्ता, एसओ सेफ्टी मुकेश तोषांग, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, हेमचंद महतो, सौमित सेनापति, उज्जवल कुमार, कामेश्वर राम, टिकेश्वर ठाकुर, वीरेंद्र महतो और दिलनवाज अंसारी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, पिपरवार थाना परिसर में भी संविधान दिवस मनाया गया। सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने सभी पुलिस कर्मियों और पदाधिकारियों को संविधान का पालन करते हुए देश की संप्रभुता,अखंडता एवं अक्षुण्णता की रक्षा करते हुए ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर थाना प्रभारी गोविंद कुमार,अवर निरीक्षक रूपेश महतो, दिलीप बास्की,सहायक अवर निरीक्षक आनंद खंडेत आदि मौजूद थे। वहीं, ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी इम्पलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल पिपरवार कमेटी की ओर से अशोका पीट ऑफिस में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन और संचालन पिपरवार सचिव रतन लाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीम राव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सभी को शपथ दिलायी गयी। मौके पर इकबाल हुसैन, रतन लाल, रामचंद्र उरांव, एसडी राम, कामेश्वर राम, शंभु राम, शंकर राम, राहुल राम, बीरू मुंडा, पुनीता कुमारी, फूलो देवी, फोटोइया गंझु, प्रभा कुमारी, गेंदिया देवी, लालो देवी, धनेश्वर गंझु, स्वरूप संयामत, महिंद्रा प्रसाद सिंह, गुरुदयाल सिंह और बासुदेव गंझु आदि मौजूद थे।

## संविधान दिवस पर न्यायिक अधिकारियों ने खूंटी में निकाली पदयात्रा, किया जागरूक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर रविवार को संविधान दिवस और 100 दिवसीय बच्चों के हित संबंधित कार्यक्रम के तहत पदयात्रा निकली गई। पदयात्रा व्यवहार न्यायालय से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए उपकारा, बाजार टांड़, सदर अस्पताल, समाहरणालय होते हुए व्यवहार न्यायालय तक वापस पहुंची, जहां स्कूली बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया गया है। पदयात्रा में सभी न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, पीएलवी, स्कूली बच्चे और पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान बैनर-पोस्टर के साथ कानूनी जागरूकता के संदेश भी दिए गए। संविधान दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि हमें संविधान के आदर्शों का पालन करना चाहिए। संविधान ही हमारा सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है और न्याय का स्रोत है। आज ही के दिन हम सब ने इस संविधान को अंगीकृत किया था। सौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कालामाटी में विशेष विधिक जागरूकता और सहायता अभियान चलाया गया। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने अपने संबोधन में संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जिसमें न्याय प्राप्त करने का अधिकार हर नागरिक को है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा संविधान में बसती है। इसलिए हमें संविधान के मूल्य एवं आदर्शों को अक्षुण्ण रखना होगा। कहा कि वैसे तो भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, लेकिन हम सभी ने 26 नवंबर 1949 ई को ही इस संविधान को स्वीकार और आत्मसात कर लिया था।

# समय के अनुसार शिक्षकों को भी अपडेट रखना होता है: प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार

**खलारी डीएवी में सीबीएसई का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न**
**स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस थीम पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से अनिवार्य शिक्षक प्रशिक्षण के तहत खलारी डीएवी स्कूल में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हुआ। शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रिसोर्स पर्सन के रूप में धनबाद पब्लिक स्कूल, के उप-प्राचार्य सना अख्तर, पीजीटी अंग्रेजी एवं विनीता विजय, हिंदी शिक्षक रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि सीबीएसई की इस कार्यशाला में आज हम सबने जो कुछ भी ज्ञान अर्जित किया, उसे विद्यालय में बच्चों के बीच ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि समय अनुसार अध्यापकों को भी अपडेट रखना पड़ता है जिससे हम विद्यार्थियों की ज्यादा से ज्यादा उचित ढंग और वर्तमान समय में आने वाली चुनौतियों से निपट सके। आज नई-नई समस्याएं विद्यार्थियों के समक्ष आती जा रही हैं। वे समय से पहले युवा हो रहे हैं इसलिए उनका सही मार्गदर्शन करना अनिवार्य है। यह भी सीबीएसई का एक मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यशाला में डीएवी खलारी के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा पंजीकृत 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में सीबीएसई के 11 मॉड्यूल को संसाधकों ने शिक्षकों के बीच पूरा किया। संसाधकों ने बच्चों में किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, लिंग विभेद, एक-दूसरे के संवेगों को समझना, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई पर ध्यान देना, विद्यार्थियों में पारस्परिक संबंधों तथा जीवन मूल्य एवं देश के जिम्मेदार नागरिक, लैंगिक समानता पर विद्यालयों में आने वाली चुनौतियों से निपटने में सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, विद्यार्थियों में मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम और प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, एचआईवी की रोकथाम, हिंसा और चोटों के विरुद्ध सुरक्षात्मक उपाय और बचाव, मीडिया, इंटरनेट, मोबाइल आदि गैजेट्स का सुरक्षित प्रयोग को सभी शिक्षकों के बीच साझा किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सक्रिय भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में प्राचार्य ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के प्राचार्य श्री गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा के साथ संयुक्त रूप से दोनों संसाधकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संसाधकों ने भी विद्यालय द्वारा किए गए आतिथ्य सत्कार के लिए विद्यालय प्रबंधन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## बचरा में विस्थापित प्रभावित टीपर हाइवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में रविवार को विस्थापित प्रभावित टीपर हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन उमेश यादव ने किया। बैठक में हाईवा ऑनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

## झारखंड अंदोलनकारी संपर्क समिति की बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रायडीह मोड़ में झारखंड अंदोलनकारी संपर्क समिति की तीसरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ललित कुमार महतो और संचालन झारखंड अंदोलनकारी नीलांबर महतो ने किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें 2000 ई पूर्व आजसू के अंदोलनकारी साथी जो अब इस दुनिया में नहीं है उनके परिजनों के साथ संपर्क स्थापित कर यथा संभव मदत करने के लिए एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया। इसमें ललित कुमार महतो, नरोत्तम पाठक, नीलांबर महतो, जगदीश मांझी और हीरालाल दास को शामिल कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावे झारखंड आंदोलन में शामिल तमाड़ के सभी साथियों का अंदोलनकारी सूची में नाम दर्ज कराने के लिए एक साथ आवेदन भरने का निर्णय लिया गया। बैठक में गुणधर मांझी, जयनंदन महतो, संदीप मोदक, मनिलाल जयसवाल और डेविड मिंज आदि शामिल थे।

## मांगों के लिए सड़क से सदन तक करेंगे आंदोलन: सफदर ईमाम

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची जिला इकाई की कोर टीम की बैठक एलईबीबी उच्च विद्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष सफदर ईमाम ने की। इस दौरान सफदर ईमाम ने कहा कि आज झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची जिला में काम कर रही है। रांची जिला में अब तक बहुत सारे मामले लंबित थे जिनको संघ के माध्यम से निष्पादन कराया गया। आने वाले दिनों में संघ जितने भी माध्यमिक शिक्षकों एवं कर्मियों की मांगे हैं उसको पटल पर लाने का काम करेगी। इसके लिए संघ को सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करना पड़े तो पीछे नहीं हटेगी। सचिव मुकेश कुमार सिंह ने संगठन के क्रियाकलाप, सांगठनिक विस्तार और माध्यमिक शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। राज्य संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने कहा कि संघ एक ऐसा मजबूत प्लेटफार्म हैं जिसके जरिए माध्यमिक शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के आवाज को मजबूती के साथ उठाया जाता हैं। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के बाद कई निर्णय लिया गया। मौके पर संगठन के प्रमंडलीय संयोजक कुर्बान अली, उपाध्यक्ष भावेश महतो, महफिल अंसारी आदि थे।

## युवाओं को संगठित रहकर अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहना होगा : डॉ अशोक



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय में संविधान दिवस पर अंबेडकर ग्राम विकास समिति सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में युवा जनमत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिल्ली व आसपास के युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद डॉक्टर अशोक नाग, घासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रिझु नायक, जिला अध्यक्ष वीर सिंह नायक शामिल हुए और अपने विचार रखे। रिझू नायक ने गांव-समाज के युवाओं को संगठित रहकर अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। डॉ अशोक नाग ने शिक्षा के प्रति युवाओं को सदैव जागरूक रहने रहने का आग्रह किया। इस दौरान छोटे बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अपने युवा पीढ़ी को इस बढ़ती गैर बराबरी और भेदभाव के खिलाफ जागरूक कर एक बेहतर समाज एवं बेहतर राष्ट्र का निर्माण करना है। इस मौके पर हेमंत नायक, काली नायक, अनीता देवी, विशाल नायक, अग्नि नायक, बावरी नायक, वीरेन नायक, श्रीहरि नायक के अलावा कार्यक्रम के संचालक ललन कुमारव अगनू नायक आदि थे।

## संविधान ही हमारे देश की आत्मा है : प्रो जे किड़ो



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस पर स्थानीय बिरसा कालेज में संगोष्ठी का आयोजिन किया गया। प्रभारी प्राचार्या प्रो जी किड़ो ने छात्र-छात्राओं को कर्त्तव्य निष्ठ और सच्चे भारतीय नागरिक होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान देश की आत्मा है। सभी अधिकार हमें सविधान ही देता है। हमें हर हाल में संविधान का पालन करना चाहिए। डॉ सीके भगत ने संविधान में उल्लेखित अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। राज कुमार गुप्ता ने संविधान में समानता, न्याय और क्षमता की बातें बताईं। प्रोग्राम आफिसर प्रो तारिफ लुगून ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना की शपथा दिलायी। मौके पर पूर्व प्रभारी प्राचार्या डॉ एन पूर्ति, प्रो किरण कुमारी, प्रो अल्पना कुमारी, डॉ एस रंजन, डॉ अंजुलता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सांत्वना : टनल में फंसे मजदूरों के परिवार को भाजपा ने दी राहत सामग्री

# टनल में फंसे मजदूर बाहर निकलेंगे व जल्द अपने घर लौटेंगे : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उत्तराखंड के उत्तर काशी जिले के टनल में फंसे तोरपा विधानसभा क्षेत्र के दो मजदूरों के परिवार वालों से तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत, खूंटी के जिलाध्यक्ष और नेताओं ने मुलाकात की और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराई। विधायक और भाजपा नेता रविवार को डुमारी गांव पहुंचे और पिछले 15 दिनों से टनल में फंसे चमरा उरांव के घर जाकर उसकी मां बुधनी उराइन और पत्नी रेखा देवी और अन्य स्वजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। विधायक ने कहा कि उत्तराखंड की ही नहीं, केंद्र सरकार भी टनल में फंसे सभी मजदूरों को सकुशल निकालने के लिए रात-दिन काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी मजदूर बहुत जल्द अपने घर लौट आयेंगे। विधायक कोचे मुडा ने गुमडू गांव जाकर टनल में फंसे विजय होरो के पिता अर्जुन मुंडा और पत्नी सनरती होरो के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर उन्हें कंबल, चावल, दाल और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई। शशि भूषण भगत ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर भाजपा कार्यकताओं ने मजदूरों के परिवार वालों से मुलाकात की और राहत रामग्री मुहैया कराई।


उत्तरकाशी टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों को मदद करते विधायक कोचे मुंडा।

## टनल में फंसे मजूदरों के परिवारवालों को जिला प्रशासन ने दी राहत सामग्री



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के कर्रा प्रखंड के तीन मजदूर पिछले 15 दिनों से उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में फंसे है। जिला प्रशासन की टीम ने रविवार को उनके घर जाकर परिजनों का हाल जाना। ठंड को देखते हुए उनके परिजनों के बीच कंबल, बच्चों के लिए स्वेटर और दैनिक उपयोग की चीजें उपलब्ध कराई। प्रशासन ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का भी लाभ उन्हें दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि दुःख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके साथ है और हर संभव सहायता के लिए तैयार है। टनल में फंसे तीन मजदूर में दो की परिवार वालों से बात हुई है, लेकिन एक परिवार के लोगों ने बताया कि अभी तक कोई संपर्क स्थापित नहीं हुआ है। मौके पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर आइटीडीए, कर्रा के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकार्री मौजूद थे। गौरतलब हो कि उत्तराखंड के टनल में कर्रा प्रखंड के तीन मजदूर पिछले 15 दिनों से फंसे हैं। जो मजदूर फंसे हैं उनमें गणपत्ति होरो, पिता स्व खेदुआ होरो ग्राम मधुगामा पंचायत लरता, चमरा उरांव पिता भक्तु उरांव ग्राम डुमारी पंचायत लिमड़ा और विजय होरो शामिल हैं।

## बेड़ो के पुरियो में ग्रामसभा का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन पुरियो में रविवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयराम कच्छप ने किया। सभा में पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर ने योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही ग्रामसभा को मजबूत करने हेतु जोर दिया। उन्होंने ने कहा पुरियो गांव का विकास करना पहली प्राथमिकता है साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से ग्रामसभा पर आने की अपील किया। वहीं मौके पर उप मुखिया विजय उरांव, संजय कच्छप बिंदेश्वर महतो, लक्ष्मी कुमारी, नेहा कुमारी, पिंकी कुमारी, अंजू उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## आजसू पार्टी की बैठक: कार्यकर्ताओं को जनता से जुड़कर काम करने पर जोर

# अधिकारों और दायित्वों का बोध कराता है संविधान : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर का दिन बेहद खास और अहमियत वाला है। वर्ष 1949 में आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। यह दिन हमें दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के व्यापक संविधान में वर्णित अनेकता में एकता, न्याय, समानता और अस्तित्व की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही अपने अधिकारों और राष्ट्र के प्रति हमारे दायित्वों का बोध कराता है। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने चमघाटी अनगड़ा में आयोजित रांची जिला समिति की बैठक में कहीं। आजसू प्रमुख ने संविधान का निर्माण करने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा समेत सभी बुद्धिजीवियों और कलमकारों को नमन किया। उन्होंने लोगों से संविधान की सच्ची भावना को मजबूत बनाने और देश की एकता, अखंडता के लिए संकल्प लेने का अनुरोध किया। कहा कि भारत का संविधान कई सिद्धांतों को समेटे है, जिनके आधार पर नागरिकों के लिए मौलिक अधिकार, विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता, सामाजिक न्याय, राजनीतिक सिद्धांत, प्रक्रियाएं, दिशा-निर्देश, कानून वगैरह तय किये गये हैं।

### कार्यकर्ता जिम्मेदारी समझें

सुदेश महतो ने कहा कि रांची जिले में संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए जिला समिति के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपस में मिल कर काम करें। क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। मौजूदा सरकार की विफलताओं और वादाखिलाफी से जनता को अवगत करायें। राज्य के हालात बदलने के लिए कार्यकर्ताओं को जूझना होगा।

### आतंकी हमले पर श्रद्धांजलि

मुंबई में वर्ष 2008 में हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों और देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले सभी सुरक्षाकर्मियों की याद में मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। महतो ने कहा कि 26/11 की तारीख एक काले दिन के रूप में दर्ज है। हमारे वीर जाबांजों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। बैठक में आजसू के वरिष्ठ नेता विरेन्द्र सिंह भोगता, प्रकाश लकड़ा, रोशन लाल मुंडा, सज्जाद आलम, अजीत महतो, छात्र नेता महाबीर महतो, जलनाथ चैधरी, आतिश महतो, जगरनाथ महतो, दिलीप बेदिया, जितेन्द्र सिंह, शंकर बेदिया, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बीणा देवी, छात्रसंघ के राजकिशोर महतो, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष बीणा चैधरी, जिप सदस्य सरिता देवी, आदिल अजीम, भरत कांशी साहू, पार्वती देवी, सुशील महतो बीरबल बैठा, राजू महली, बलराम साहू आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कपड़ा बैंक ने 300 जरूरतमंदों को कपड़ा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता





**बेड़ो।** प्रखंड के नेहालु पंचायत के नेहालु गांव में रविवार को कपड़ा बैंक के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े, कंबल सहित अन्य कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के सदस्यों द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े गरीब, परिवार के बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष और महिलाओं के बीच 300 कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा है कि गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है। हमें अपने पुराने कपड़ों से ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए इससे हमारे कपड़े का सदुपयोग होगा और जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से लगातार प्रत्येक रविवार को कपड़ा बैंक के द्वारा गांव को चिन्हित कर कपड़ा का वितरण किया जा रहा है। वहीं बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बेड़ो, लापुंग, इटकी मांडर व चान्हो के लोगों से अनुरोध किया है कि आपके पास अनुपयोगी कपड़ा हो तो उसे हमें दें ताकि हम उसे जरूरमंदों तक पहुंचा सकें। कपड़ा बैंक मे कपड़ों की कमी हो गयी है। आप अपना कपड़ा बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जमा कर सकते हैं और हमारे सदस्यों से भी संपर्क कर सकते हैं।

# अंचलाधिकारी और पदाधिकारी ने दिलायी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** अपने देश के गौरवमयी संविधान दिवस (26 नवंबर) पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए बेड़ो प्रखंड के अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि विश्व के वृहत्तम संविधान को हार्दिक नमन करते हैं। साथ ही अनंतकाल तक के लिए भारतीय संविधान की सबलता की कामना करता हूं। जहां उन्होंने परिसर में संविधान दिवस पर उपस्थित नागरिकों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई, कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए। दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ला सप्तमी संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियम और आत्मार्पित करते हैं। इन उददेशिक की शपथ के पश्चात उन्होंने 26 नवंबर गौरवमयी संविधान दिवस की बधाई दी। बेड़ो - बेड़ो में संविधान दिवस पर शपथ दिलाते बीडीओ प्रताप मिंज। भारतीय संविधान के प्रति आस्था जताते बधाई दिया।

## मेडिकाना नर्सिंग होम में नि:शुल्क जांच शिविर



चान्हो (आजाद सिपाही)। मेडिकाना नर्सिंग होम खलारी रोड बीजूपाड़ा में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें सभी प्रकार की बीमारियों का मुफ्त इलाज किया गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। इस कैंप में रांची के प्रख्यात डॉक्टर की टीम ने मरीजों की जांच की। मुख्य रुप से हड्डी, नस, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर मौजुद रहे। इसमें करीब 200 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। डॉ स्वाति, डॉ रोशन, डॉ विश्वनाथ समेत अन्य डॉक्टर्स ने सेवाएं दी।

## लापुंग में अखंड कीर्तन और मेला का आयोजन

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड के चंपा डीह रामरेखा टोंगरी में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर व पूजनीय शहिद बड़ाईक गोविंद सिंह की जयंती के शुभ अवसर पर मेला का आयोजन व अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर 27 नवंबर को संध्या 6 बजे शाम से 28 नवम्बर संध्या सन्ध्या तक अखंड कीर्तन व मेला का आयोजन 28 नवम्बर को दिन में किया जायेगा। इस मेला के मुख्य अतिथि डॉक्टर दिवाकर शिक्षा विद व पूर्व कुलानुशासक रांची विश्वविद्यालय, व विशिष्ट अतिथि छोटानागपुर महाराजा के वंशज जयन्त नाथ सहदेव, डॉ अजय नाथ सहदेव होंगे। इस मेले के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष रैतिया समाज विकास परिषद रामशंकर सिंह, पुनीत प्रीतम सिंह इस मेला के सहयोगी पुनीत प्रीतम सिंह व मेकप्रश्न सिंह होंगे। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के शुभ या अवसर पर लगती है।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



नामकुम (आजाद सिपाही)। खिजरी मंडल अंतर्गत कुटियातू शक्ति केंद्र के चटकपुर ग्राम में रविवार को पीएम मोदी की मां की बात अनुसूचित जाति मोर्चा रांची ग्रामीण जिला मंत्री अशोक नायक के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों के बीच एलसीडी लगाकर सुनी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो उपस्थित थे। संचालन मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह ने किया। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद भारतीय संविधान दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अशोक नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में छिपी हुई प्रतिभाओं, देश के विकास में योगदान देने वालों को आगे लाने के लिये बेहतर मंच साझा कर रहे हैं। ताकि ऐसे लोगों से देश की जनता प्रेरणा ले सकें। दिलीप साहू ने कहा वर्तमान समय में अपनी प्रतिभा योग्यता व क्षमता को परखते हुये सकारात्मक काम करने की जरूरत है।

## महिलाओं ने जनजागरूकता अभियान चलाया



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। लिंग आधारित हिंसा के विरोध में राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत नगड़ी प्रखंड मे जेएस एलपीएस महिलाओं के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगड़ी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य पूनम देवी उपस्थित थी इन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा भारत देश का आधा आबादी नारी है नारी जन्म देने वाला मां है घर का कार्य से लेकर राज देश का विकास में भागीदारी निभा रही है। नगड़ी प्रखंड में आए दिन महिलाओं पर शोषण और अत्याचार हो रहे है सभी नारी को शोषण अत्याचार के विरुद्ध एकजुट होने की आवश्यकता है।

# मदन महतो टिकट मिलने पर लड़ेंगे रांची लोकसभा क्षेत्र का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** रांची लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता कांके कदमा गांव निवासी कुमार महतो ने कांके में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट देती है। तो रांची लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए वे पिछले कई वर्ष से संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं। महागठबंधन की सरकार की योजनाओं घर-घर तक पहुंचे इसके लिए भी वह प्रयासरत है। इसके तहत में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के राहे, सिल्ली, सोनाहातु का दौरा कर चुके हैं। वही लोकसभा क्षेत्र के 6 विधानसभाओं के अनगड़ा, ओरमांझी, नामकुम, कांके रातू, पिस्का नगड़ी, हटिया क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। मदन कुमार महतो ने बताया कि वह रांची विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र का भी दौरा कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। कार्यकर्ताओं को एकजुट करना, बुथ को मजबूत करना और पार्टी संगठन के हित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। मदन कुमार महतो ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र कुर्मी बहुल क्षेत्र है और मैं कुर्मी समुदाय से आता हूं। पिछले कई दशक से पूरे झारखंड राज्य में कुर्मी जाति का एक भी सांसद कांग्रेस पार्टी से नहीं हुआ है। जाति समीकरण को देखते हुए मुझे पार्टी चुनावी टिकट जरूर देगी ऐसा आशा नहीं मुझे पूर्ण विश्वास है। मदन कुमार महतो ने पत्रकारों को बताया कि वह 1989 से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं और पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर कार्य कर चुके हैं। प्रेस कांफ्रेंस के समय इनके साथ रांची जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष, सेवा दल के जिला अध्यक्ष बबुआ मुंडा, मार्टिन खलखो, लालबाबू, राजेश लोहरा, सोमरा गाड़ी, हेमन्त दूबे उपस्थित थे।

## रातू के हुरहुरी ब्राइटमेट पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



रातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड अन्तर्गत हुरहुरी ब्राइटमेट पब्लिक स्कूल में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अभिवाहकों द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर छठा वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया।छात्र एवं छात्राओं ने चंद्रयान 3 रॉकेट, चंद्रयान 3 लैंडर और रोवर, ज्वालामुखी, पवन चक्की, मानव पाचन तंत्र, जल चक्र, रोगों और उनके कारक, पेरिस्कोप , ट्रैफिक सिग्नल गांव और शहर के अलावा एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया। स्कुल के प्रधानाध्यापक मुस्ताक अंसारी ने स्कूली बच्चों का हौसला आफजाई किया। वक्ताओं में कहा कि बच्चों के बीच इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चो के बौद्धिक, मानसिक के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। इसलिए बच्चों को भी चाहिए कि इस तरह का कहीं भी कार्यक्रम आयोजित हो उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी निभाये शिक्षक - शिक्षिकाएं व अभिवाहक मौजूद थे।

## राज्य सरकार की ओर से चयनित लाभुकों को कंबल दिया गया : अशोक



नामकुम (आजाद सिपाही)। लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुये भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने रविवार को अनगड़ा प्रखंड के लुपुंग, पितरोल, महली टोला, लुपुंग ढीपा में कंबल का वितरण किया। इस दौरान लगभग 100 लोगों के बीच कंबल एवं साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर अशोक मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान चयनित लाभूको को ही कंबल वितरण किया गया। जिससे कई जरुरतमंदों को कंबल नहीं मिला। गौरतलब है कि ठंड को देखते हुये खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा की ओर से नामकुम, अनगड़ा एवं ओरमांझी प्रखंड में लगातार कार्यक्रम चलाकर कंबल एवं साड़ी का वितरण किया जायेगा। मौके पर रवि सागर, चंचल करमाली, पंचायत समिति सदस्य कुंती कुमारी, उपमुखिया शर्मिला, रंजीत रमेश, संदीप मंडल आदि उपस्थित थे।

# धान खरीद की बकाया राशि भुगतान करने की उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झारखंड किसान महासभा (जय झारखंड अभियान) के संयुक्त तत्वावधान में किसान बचाओ यात्रा के तहत अनगड़ा प्रखंड (रांची) की सिरका पंचायत के रामदगा में रविवार को किसान पंचायत लगायी गयी। इसमें महासभा ने सरकार से धान की खरीद के बकाया राशि का भुगतान 10 दिनों के अंदर करने की मांग सरकार से की। महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू ने कहा कि वर्तमान में जो किसानों की दुर्दशा है, झारखंड में उसे देखते हुए अब सरकार की तरफ से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिख रही। लगातार ज्ञापनों और औपचारिक तरीके से कृषि विभाग के अधिकारी और मंत्री स्तर तक किसानों की व्यथा पहुचायी गयी, परंतु यह सिस्टम बिल्कुल बहरा हो गया है। इसीलिए झारखंड के पांच जिले रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ तथा गिरिडीह की 50 पंचायतों में किसान बचाओ यात्रा पहुंचेगी। किसान पंचायत लगायी जायेगी। पंचायत में उपस्थित प्रगतिशील किसान विनय महतो ने बताया कि झारखंड का कृषि विभाग संपूर्ण रूप से घोटाले में आकंठ डूबा हुआ है। हर तीन महीने में कृषि निदेशालय के निदेशक बदल दिये जा रहे हैं। वर्तमान कृषि निदेशक को न तो यहां के किसानों से कोई लेना देना है और ना ही विभाग के पास कोई रोड मैप है। किसान बचाओ यात्रा झारखंड की हर पंचायत में पहुंचेगी और यह शुरुआत बोकारो जिले के झुमरा पहाड़ की चोटी से शुरू की जा चुकी है। पंचायत में मुख्य रूप से धान की एमएसपी को बढ़ा कर 25 रुपये करने, खरीदारी नकद करने, नवंबर के अंतिम सप्ताह से धान क्रय शुरू करने तथा पिछले वर्ष धान की खरीद का 165 करोड़ से ऊपर का बकाये का जो भुगतान किया जाना है, उसे 10 दिनों के अंदर किसानों के खाते में करने की मांग प्रमुख है।

## महत्वपूर्ण खबरें

## सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया सहयोग



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चटकपुर महुंगांव में रविवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि महादेव कुजूर, रंजन गुप्ता, नंद गोप चंद्र किशोर उरांव, कुंदन सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मृतक बबलू गोप के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही खाद्य सामग्री सहयोग किया। ज्ञात हो कि मृतक बबलू गोप का 16 नवंबर को रिम्स ले जाने के दौरान निधन हो गया था। वहीं रंजन गुप्ता ने कहा कि आप के हर सुख-दु:ख में सदैव आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर मृतक का बड़ा भाई राम गोप, राज किशोर गोप, विजय गोप, केश्वर महतो, कृष्णा महतो, करन गोप, लक्ष्मी देवी, भगवती देवी, रिंकी, सरस्वती मौजूद थे।

## नयी दिल्ली में आयोजित विश्व सेवा रत्न अवार्ड

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। विश्व सेवा परिषद के द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित विश्व सेवा रत्न अवार्ड (प्रशस्ति पत्र) के लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य सेवा क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान, जड़ और चेतन जगत के विकास के लिए सरकारी और गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं और समाजसेवियों से 15 दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सरकारी पदाधिकारी और संस्था अपने वरीय पदाधिकारी एवं संस्था से अनुशंसित आवेदन पत्र देंगे, जबकि गैर सरकारी क्षेत्र के आवेदक वार्ड सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य और मेयर से अनुशंसित आवेदन पत्र समर्पित करना है। यह जानकारी विश्व सेवा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ बीबी राज ने दी।

## खीस्त राजा की शोभायात्रा निकाली गयी



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दिघिया गांव स्थित रोमन कैथलिक चर्च परिसर से रविवार को मसीहियों ने खीस्त राजा पर्व के अवसर पर शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकाली। खीस्त राजा शोभायात्रा में बतौर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर भिमसेंट मिंज थे। वहीं फादर अजय मिंज अपने प्रवचन में कहा कि राज राजेश्वर हमारा येसु शांति प्रिय न्यायकर्ता है। खीस्त राजा राजाओ का राजा है। इसका राज्य कभी समाप्त नहीं होगा। येसु का राज्य समर्पित राजा है। हम लोग ईश्वर की चुनी हुई प्रजा है। मसीह की ज्योति से पूरा विश्व दिव्यमान व प्रकाशमय है। हमे अन्याय, शोषण के विरुद्ध प्रेम शांति व भाईचारा का बीज बोना चाहिए। शोभायात्रा में शामिल लोग पारम्परिक वेशभूषा, ढ़ोल, नगाड़े, गाजे बाजे झंडा बैनर के साथ 180 युनिट के मसिहीयो ने झांकी निकाली। मौके पर फादर पियुष मिंज, फादर रोर्बट मिंज, पल्ली के अध्यक्ष देवनिश तिग्गा, माता प्रर्बला केरेक्रेटा, सिस्टर दिव्या, सिस्टर किरण, सिस्टर निलिमा, कमला, अंजला सहित कई लोग मौजूद थे। गायक मंडली ग्राम करांजी व दिघिया द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। समारोह की संचालन बिमल व जूलिया ने किया।

## युवा भारत की शक्ति विषय पर व्याख्यानमाला



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। आर टी सी कॉलेज दड़दाग, ओरमांझी में युवा भारत की शक्ति विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन। व्याख्यान माला का अध्यक्षता प्रो शैलेन्द्र मिश्र ने किया। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रो मिश्र ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है जो भारत को एक शक्ति संपन्न देश के रूप में विकसित करने की ताकत रखता है। समाज व देश के युवा अपने नये भारत के निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभायें। कार्यक्रम में एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो, वरिष्ठ समाज सेवी और विकास मार्ग संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने भी युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में मेजर रणजीत कुमार सिंह,जितेन्द्र महतो, गायत्री कुमारी, राजन कुमार,सीमा कुमारी,विजय कुमार, पूनम कुमारी, चंदन कुमार महतो, कंचन कुमारी, जस्टिन कुमार, प्रिया कुमारी ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में एन सी सी के छात्र और छात्रा मौजूद थे।

## भारत स्काउट गाइड समापन समारोह



मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के संतना बालिका उच्च विद्यालय मांडर में भारत स्काउट गाइड समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने उपस्थित होकर सभी कैंप का निरीक्षण किया और उन्होंने भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षणारथी को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड वो संस्था है जो मानव सेवा का एक जरिया है इसमें अपने आप में त्याग बलिदान विनम्रता और समर्पण का भाव है और यही चिज को छे दिनों से आप प्रशिक्षण लिये और यही चीजों को आप अपने विद्यालय के बच्चे बच्चियों को सिखाएंगे तो वही बच्चे बच्चियों पुरे समाज को आईना दिखाने का काम करेंगे इसलिए आप ईमानदारी पूर्वक भारत स्काउट गाइड के जो उद्देश्य है उसको सिखाने का काम करे इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से ए एल टी दिनेश कुमार ,दुबे एल ओ सी बिनय मोहन चौधरी, डीओसी दिलीप, एएल टी आसा बागे, एएलटी फुल केरिया एक्का, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव।

## संजय महतो को मिला जेबीकेएसएस का सहारा



नामकुम (आजाद सिपाही)। पिठोरिया क्षेत्र के मरवा ग्राम निवासी संजय महतो पिता सुलेनाथ महतो का पिछले तीन महीना पुर्व हादसे में पैर टूट गया था। जो आज बगैर सहारे के चल-फिर नहीं सकते हैं। घर में चार छोटे-छोटे बचे हैं। उनकी पढ़ाई लिखाई के साथ खाने के भी लाले हैं। समस्या की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य रविन्द्र कुमार दीपक, गणेश महतो, संतोष महतो, अजीत महतो, हीरालाल महतो, धनेश्वर महतो, राजु कुमार, अजय महतो, प्रदीप महतो आदि ने 10, 20, 50 रुपए जमा कर परिवार के लिए 50 केजी चावल का सहयोग किया और लोंगों से सहयोग करने की अपील की।

**निर्देश : 2024 की तैयारी को लेकर एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

# एनसीपी जातपात से ऊपर विकास की राजनीति में रखती है विश्वास: कमलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस 2024 के चुनाव की तैयारी में अभी से ही पूरे जोर शोर से जुट गई। इसकी शुरूआत रविवार को एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के साथ हुई। जिसमें एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान और संचालन पलामू जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस जातपात से उपर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चार वर्ष के कार्यकाल में हुसैनाबाद-हरिहरगंज में जो विकास के कार्य हुए हैं, उसे जनता को अवगत करायें। आह्लाव किया कि वह जात धर्म समुदाय से परे सभी को जोड़ने का प्रयास करें। कहा कि एनसीपी पूरे झारखंड में संगठन मजबूती की दिशा में काम कर रही है। कुछ लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। जहां लोकसभा व विधानसभा सीटों पर पार्टी प्रमुख से विचार विमर्श कर प्रत्याशी उतारा जाएगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, चंदन सिंह, विजय राजवंशी, हाजी अब्बास अंसारी, मनदीप राम, युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरि, ओमप्रकाश राजवंशी, बबलू यादव, नरेश रजवार, हंसराज सिंह, राजकुमार ठाकुर, अंजली शर्मा, रविंद्र कांस्यकार, हसन खलीफा आदि मौजूद थे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश सिंह।

## आने वाली पीढ़ी को जल संकट से उबारने के लिए पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनायें : कौशल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के आजाद नगर में गुलाम गौस पत्नी शबाना परवीन की बेटी नाज के विवाह में बिहार के औरंगाबाद के कुटुंबा थाना अंतर्गत नवाबगंज से आये 200 बारातियों को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरण धर्म गुरु पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर उन्हें विदा किया। कहा कि इस्लाम धर्मावलंबियों को जन्नत का दरवाजा खुला रखना है तो उन्हें खुदा के आदेश का पालन करना होगा। खुदा का जो इशारा है वह कुदरत के हरे रंग और धर्म के हरा रंग से जुड़ा हुआ है। मक्का मदीने में रोजेका गोमज का रंग भी पिछले 1400 वर्षों से हरा है। कहा कि उसी अनुसार इस्लाम धर्म की पगड़ी भी हरे रंग की होती है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि पृथ्वी पर बिना हरियाली लाये खुशहाली की कामना करना बेमानी होगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना होगा। नहीं तो आने वाली पीढ़ी दिव्यांग हो जाएगी। गुलाम गौस की पुत्री की शादी में उप मुखिया नगीना खातून, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल एवं उनके प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार के प्रतिनिधि सुचित कुमार जायसवाल, लड़की के दादा अमीन इदरीश, शहाबुद्दीन अंसारी, जमीरउद्दीन अंसारी, साकिम अंसारी, कर्मचारी अंसारी,शमीम अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, असगर अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## पांकी में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज, धीरज साहू होंगे शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को आयोजित होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल होंगें। इस बाबत विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेसी नेता सुरेंद्र यादव ने रविवार को प्रेस वार्ता कर सम्मेलन की तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि पांकी के रेणु टॉकीज में पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इसमें क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि पांकी-रांची मुख्य पथ पर स्थित सोरठ गांव के पास मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया जाएगा। वहां से सैकड़ों बाइक के साथ रैली के रूप में राज्यसभा सांसद को कार्यक्रम स्थल तक लाया जाएगा. कांग्रेसी नेता ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी बेहद मजबूत स्थिति में है। यहां पार्टी हरहाल में चुनाव लड़ेगी और कार्यकर्ताओं की बदौलत जीत भी हासिल करेगी। उन्होंने क्षेत्र के अधिकाधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। मौके पर विजय प्रसाद, गिरेंद्र कुमार शर्मा व अजय सिंह उपस्थित थे।

# बेटी के लिए दुल्हा देखने जा रहे पिता की सड़क हादसे में हुई मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के सुलतानी बस स्टैंड एनएच पर रविवार को सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया जिसे छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान राम अश्रय पासवान (50) और घायल की पहचान ललन पासवान (25) के रूप में हुई है। दोनों नौडीहा थाना क्षेत्र के सरईडीह टोला सिमराटांड़ के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर दो लोग सवार होकर छत्तरपुर की ओर से आ रहे थे। तभी हरिहरगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गया और एक घायल हो गया। सरईडीह निवासी रामबली पासवान ने बताया कि मृतक राम अश्रय पासवान अपनी बेटी के लिए औरंगाबाद जिले के माली थाना क्षेत्र में लड़का देखने जा रहे थे, जबकि वे लोग दूसरे बाइक पर सवार थे। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पीपरा थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क हादसे में फरार कार को जब्त कर लिया गया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## समाहरणालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का हुआ सामूहिक वाचन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस पर रविवार को समाहरणालय परिसर में जिले के वरीय पदाधिकारियों-कर्मचारियों ने सामूहिक रुप से मौलिक कर्तव्यों को निष्ठा से वहन करने का प्रण लिया। डीएसओ प्रीति किस्कु ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई।


bathsense BALAJEE UDYOG

एक बार अवश्य पधारें

BU Adding value since 2009

Distributors : bathsense ESSESS Flowkem Glocera m-seal ASTRAL Racold

BALAJEE UDYOG

The Mark of Excellence

Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI

Mob.: 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com


## देव दिवाली पर 5051 दीये से जगमग हुआ हुसैनाबाद का छठ घाट

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जेपी चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भाष्कर छठ घाट पर महाबीर मंदिर नवाह परायण यज्ञ समिति देव दिवाली का आयोजन किया गया। छठ घाट पर 5051 दिप जलाया गया। वहीं, महाबीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक की टीम ने भव्य गंगा आरती की, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने कहा कि नवाह परायण यज्ञ समिति और शहर वासियों के सहयोग से वर्षो से यह आयोजन जारी है। लोगों का सहयोग अध्यात्म की ओर रुझान का प्रतीक है। वहीं, बाबा विश्वनाथ मंदिर समिति द्वारा स्वच्छता दूत को सम्मानित किया गया।

## बसपा ने किया संविधान बचाओ समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से गांव चलो अभियान के तहत हरिहरगंज थाना रोड स्थित एक होटल में रविवार को संविधान दिवस पर संविधान बचाव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बसपा के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी शेर अली के अलावा हरि यादव, जिला अध्यक्ष अजय भारती, जिला उपाध्यक्ष अमित यादव, पुनीत अंबेडकर, राजकुमार गौतम आदि शामिल हुए और संयुक्त रूप से संविधान निर्माता डॉ भीमरामव अंबेडकर और बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान हमें स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का एहसास दिलाती है। संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों से हमें हमारा हक मिलता है। संविधान से मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों का पालन करने की जरूरत है।विश्व में भारत का एकमात्र लिखित संविधान है, जिसे बनाने में दो वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे।


आरोग्यं आयुर्वेद

वैद्य वी के पांडेय

आयुर्वेदाचार्य

क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं

गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज

समय : सुबह: 07.00–10.00 से दोपहर: 03.00–8.00

फोन नं. 898660318/7352520011

कृप्या फोन से अपना अपाइंटमेंट ले लें।

पताः– टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।



बोरिंग के लिए संपर्क करें

जल ही जीवन

993106883

9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material



कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा

प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची


**कमिश्नर कोर्ट में 13/2020 के तहत चल रहा अतिक्रमण का मुकदमा**

# केतात कला गांव में रास्ता विवाद को लेकर भारी तनाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात कला गांव में एक पक्ष द्वारा रास्ता अतिक्रमण किए जाने के बाद से भारी तनाव है। केतात कला निवासी महेंद्र चौबे ने बताया कि केतात गांव में हल्का 6 खाता 433 प्लॉट 364 रकबा 0.09 डिसमिल का पूर्ण गैरमजरुआ आम रास्ता है, जहां से विद्यार्थी और सैकड़ों ग्रामीण आवागमन करते हैं। लेकिन गांव के ही सुशील चौबे, रवि चौबे और सतीश चौबे जबरन अतिक्रमण कर बाउंड्री, कुंआ, आवास, शौचालय सहित और भी कार्य कराकर रास्ता बाधित कर दिया है। इसका विरोध करने पर कहते हैं कि एसडीओ साहेब ने रास्ता हमलोग को दिया है। महेंद्र चौबे ने बताया कि इसे लेकर वर्ष 2016ई में उन्होंने कार्यालय को आवेदन देकर जनमानस के लिए रास्ते की गुहार लगायी थी। वहां से तीन बार नोटिस निकाला गया। लेकिन अतिक्रमण करने वाले उपस्थित नहीं हुए। फिर पलामू डीसी से गुहार लगाकर उन्होंने अंचल कार्यालय प्रशासन समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिती में रास्ता की मापी करायी। जिला अमीन मापी कर नक्शा भी काट दिये और खूंटा गड़ी भी किया गया। पर अतिक्रमणकारी पुनः इस नापी से बौखला गए और पलामू डीसी के पास गये। जहां डीसी ने अंचल कार्यालय से पुनः जांच कराया जिसमें यह सत्य पाया गया कि उक्त जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। महेंद्र चौबे ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले सुशील चौबे व अन्य लोग कमिश्नर के पास फिर तीन वर्ष के बाद अपील किए जो केश नंबर 13/2020 चल रहा है। हाल के दिनों में अतिक्रमण करने वाले सुशील चौबे ने एक तरफ अतिक्रमण कर लिए और मौखिक दूसरे तरफ रास्ता देने की बात कहकर पक्का पिलर गाडने लगे, जिससे माहौल बिगड़ने लगा। अब स्थिती यह बनने लगी है कि कभी भी रास्ता को लेकर खून खराबा हो सकता है। हालांकि कमिश्नर ने इस भयावह स्थिति को देखते हुए अतिक्रमणकारी के काम को रुकवा दिया। तनाव से निपटने के लिए प्रशासन को कडा रुख अख्तियार करने की जरूरत है और गैरमाजरुआ आम जमीन को मुक्त करने की सख्त जरूरत है। ताकि भविष्य मे ऐसा ना हो अन्यथा दो पक्ष कभी भी लड़ सकते हैं। विवादित रास्ते पर एक बैठक कर ग्रामीणों ने पलामू कमिश्नर से फिर मिलने की बात कही व रास्ता दिखाया। मौके पर मोहरपत चौबे, रामलाल चौबे, वीरेंद्र कुमार चौबे, मुकेश चौबे, मनोज चौबे, विकास चौबे, सचिन चौबे आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन सीओ सह प्रभारी बीडीओ विक्रम आनंद, मुखिया मंजू देवी,मुकेश कुमार,पंचायत सचिव मंजार अंसारी व रोजगार सेवक अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कई समस्याओं का निष्पादन मौके पर ही किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुको को सम्मानित किया गया।


Alpha Institute of Computer Education

FREE FRANCHISE Just call us : 9835502908

Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908

Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045

Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546

E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY

(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)

(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )

GARHWA, JHARKHAND, 822114

Session 2023-24 Approved By PCI

B.Pharm. D.Pharm.

Admission Going On Limited Seats are vacant Hurry Up

NEET Qualified only BHMS B.D.S. / M.D.S.

All Seven speciality

AIAPGET Qualified Only M.D in Homoeopathy

1. Materia medica, 2.Organon of Medicine & Homoeopathic philosophy, 3. Homoeopathic Pharmacy, 4.Homoeopathic Repertory, 5. Practice of Medicine, 6. Pediatric, 7. Psychiatry.

Eligibility 10+2 or equivalent with PCB/PCM & Student must have attained age of 17 Years

Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical

https://www.vananchaltrust.org/ vewt_garhwa@rediffmail.com

96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090



सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास

झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंगा नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किश्तों पर उपलब्ध।

PERFECT AQUA

टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त

Call now

9431701163, 8340320390

Perfect Service

H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


### लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में 23वें अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में होंगे शामिल

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ललपनिया में, सुरक्षा चौकस

**बोकारो डीसी व एसपी ने लिया तैयारियों का अंतिम जायजा, अधिकारियों को दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया के ललपनिया स्थित लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में सोमवार को आयोजित होने वाले 23वां अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होने वाले हैं। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का रविवार को डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी प्रियदर्शी आलोक ने जायजा लिया। उनके साथ डीडीसी कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया, चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। डीसी व एसपी ने क्रमवार टेंट सिटी, विभिन्न पार्किंग स्थलों, लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ आदि स्थलों का निरीक्षण किया। दोनों पदाधिकारियों ने यहां पहुंचे श्रद्धालुओं से बात की। प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में पूछा। श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, डीसी व एसपी ने सबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। कहा कि जिसे जो दायित्व दिया गया है उसका सही से अनुपालन करेंगे। कहीं कोई चूक नहीं हो,इसे सुनिश्चित करेंगे। इससे पूर्व डीसी व एसपी ने पूजा समिति के अध्यक्ष बबली सोरेन एवं सदस्यों के साथ श्यामली गेस्ट हाउस में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ वीएन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, बीडीओ महादेव महतो, सीओ प्रदीप कुमार, खेल पदाधिकारी हेमलता बुन आदि उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेते बोकारो डीसी, एसपी व अन्य।

## नहीं मिले गहने-रुपये तो सिरफिरे चोर ने घर में लगायी आग, गिरफ्तार

### एकड़ा चोरीकांड की घटना, पुलिस ने भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** एकड़ा चोरीकांड में एक सिरफिरे आरोपी ने आग लगाकर सोने के जेवरात सहित करीब दो लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जला दी। घर की मालिकन प्रतिमा पासवान ने लोयाबाद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कांड अंकित कर आरोपी कुंदन वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोयाबाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर शनिवार रात 8 बजे एकड़ी पूल के पास से गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि घर में रुपये और कीमती सामनों की तलाश की, लेकिन कुछ नहीं मिला तो गुस्से में घर में आग लगा दी। प्राथमिकी के मुताबिक में दो हजार रुपये नकद के अलावा एक दीवान पलंग, एक कुलर, ड्रेसिंग टेबल, कंप्यूटर टेबल, 10 चांदी का सिक्का, चांदी का प्लेट, एक चांदी का चम्मच, एक चांदी का कछुआ, तीन सोने के नाक का बेसर, एक पंखा, एक लकड़ी का अलमारी, मैट्रिक इंटर स्नातक का सर्टीफिकेट, पेन कार्ड, आधार कार्ड, जमीन के कागजात, बैंक का पास बुक, 20 साड़ी, 10 सूट, कंबल व जैकेट आदि सामान जल कर राख हो गया। थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया कि कुंदन वर्मा केंदुआ का रहने वाला है। उसके खिलाफ केंदुआ बैंकमोड और धनबाद में करीब 10 मामले दर्ज है। कई मामलों में वह जेल भी जा चुका है।



## 10 फीट गहरे गड्ढे में गिरी कार, चालक की मौत

**दोस्त की शादी में शामिल होने गया था डुमरी-बगोदर**

**परिजनों ने बताया कि अजहरुद्दीन अपने एक दोस्त की शादी में शामिल होने डुमरी बगोदर गये थे। देर रात वह अपनी कार से वापस सिवनडीह लौट रहे थे। रात करीब दो बजे ज्यों ही वह नावाडीह थाना क्षेत्र के बगजोबरा गोलाई के पास पहुंचे कि वाहन असंतुलित होकर10 फीट गढ्ढे में गिर कर पलट गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बोकारो।** थाना क्षेत्र के नावाडीह फुसरो मुख्य पथ के बगजोबरा गोलाई में शनिवार की देर रात दो बजे एक कार असंतुलित होकर 10 फीट गहरे गढ्ढे में गिर गयी। जिससे कार चालक सह बोकारो स्टील प्लांट कर्मी और माराफारी थाना क्षेत्र के सिवनडीह निवासी अजहरुद्दीन अंसारी के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही नावाडीह थाना के एएसआइ धीरेंद्र देव मनीषी, देवाशीष शर्मा दलबल के साथ पहुंच कर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला और वाहन को जब्त कर लिया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही रविवार की सुबह मृतक की पत्नी रेहना खातून, पुत्र मोहम्मद खालीद और पुत्री मिसकात आदि परिजन नावाडीह सीएचसी पहुंच गए। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था।

## ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन केंदुआ ने कराया 21 जोड़ों का सामूहिक निकाह





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन की ओर से रविवार को केंदुआ 4 नंबर ईदगाह मैदान में 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह के लिए समारोह आयोजित हुआ। बारात में आए हजारों मेहमानों और बारातियों का पूरे जोश के साथ स्वागत हुआ। फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा के अनुसार तमाम जोड़ों को दीवान, अलमारी, फ्रीज, सिलाई मशीन, बक्सा, टेबल, कुर्सी, मिक्सर, घड़ी, पंखा, बर्तन सेट, बिस्तर सहित घर गृहस्थी के लगभग 58 से भी ज्यादा सामान देकर विदाई दी गई। वहीं ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन के सचिव मौलाना आबिद रजा फैजी ने बताया कि यह फाउंडेशन हर साल सामूहिक निकाह का आयोजन करती हैं। आगे भी करता रहेगी। साल 2024 को भी ठीक इसी तरह विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राशिद रजा शामिल हुए। कहा कि ऐसा पुण्य कार्य हर जिला हर प्रखंड में होना चाहिए। धनबाद जिला हर अंजुमन कमेटी के सदर सेक्रेटरी और इमाम साहब के साथ झारखंड के कई सम्मानित लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के सदस्य मो जमील, मंजर अंसारी, मुमताज आलम, जावेद अंसारी, मुनव्वर हुसैन, गुलाम अहमद रजा, कलामुद्दीन, मो निजाम, शमशाद, बदरुद्दीन, सनाउल आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## कोई भी देश संविधान के बिना नहीं चल सकता : पीएन सिंह



**सांसद ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया**

**बाबा साहेब अंबेडकर की वजह से ही आज सभी को अधिकार मिल रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनसार।** बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर रविवार को संविधान दिवस पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह व भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी देश संविधान के बिना नहीं चल सकता है। संविधान जनता के कर्तव्य व अधिकारों की रक्षा करता है। कानून व्यवस्था को चलाने की अनुच्छेद इसी संविधान में निहित है।

संविधान के अनुच्छेद की जानकारी से दबा कुचला समाज जागरूक हुआ है। मोदी सरकार भारतीय संविधान का सही तरीके से पालन कर रही है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाकर यह साबित कर दिया। गृहमंत्रालय ने 40 ऐसे संगठन को प्रतिबंध लगा दिया जो आतंकी गतिविधियों में शामिल थे।

कहा कि पहले आतंकी हमले होते थे अब देश के जवान आतंकियों का सफाया कर रहे हैं। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान की वजह से ही आज सभी को अधिकार मिल रहा है। संविधान दिवस का दिन देश के लिए गौरव का दिन है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, नितिन भट्ट, श्रवण राय, उमेश यादव, बप्पी बाउरी, संतोष शर्मा, संतोष रवानी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, कुंदन यादव, राहुल गुप्ता, मनोज गोप, पप्पू पासवान, देशराज चौहान, रंजीत दास, अनित सिंह, रामप्रकाश सिंह, राकेश गुप्ता, सरिता सिंह, प्रतिमा गिरी, काजू राय, बलराम हाड़ी, आकाश पासवान, ईश्वर प्रसाद, चिंटू शर्मा, संजय रवानी और मधेसर राम आदि उपस्थित थे।

## कोयलांचल धनबाद में शपथ-संकल्प के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**डीडीसी की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान प्रस्तावना का वाचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल के दर्जनों सरकारी व सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय में रविवार को संविधान दिवस मनाया। जिला समाहरणालय के साथ कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संविधान के रक्षा की शपथ दिलाई गई। जिला समाहरणालय सभागार में डीडीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। डीडीसी ने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों व संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, निदेशक एनईपी इंदु रानी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, अंशु कुमार पांडेय, रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला नजीर आनंद कुमार,सामान्य शाखा के असलम परवेज,जन शिकायत कोषांग के एनके कुशवाहा, जिला जनसंपर्क कार्यालय के तापस रंजन पाल आदि मौजूद थे। वहीं, डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर परिवहन कार्यालय सहित सभी प्रखंडों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता और प्रखंडों में बीडीओ की अध्यक्षता में सभी कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान के मूल मंत्र का अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन करने का संकल्प लिया। दूसरी ओर, संविधान दिवस पर धनबाद में विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। धनबाद डीआरएम चौक स्थित बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर कई संगठन के लोगों ने माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने की शपथ ली।



## संस्था का उद्देश्य आत्मनिर्भर ग्रामीण समाज का निर्माण करना है: नीतीश




**ग्रामीण भारती सेवा संस्था के सदस्यों ने चौथी वर्षगांठ मनायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** ग्रामीण भारती सेवा संस्था के सदस्यों ने समारोह आयोजित कर चौथी वर्षगांठ मनायी। रांची के एक होटल में धूमधाम से आयोजित कार्यक्रम में काफी लोग शामिल हुए। ग्रामीण भारती के निःशुल्क रात्रि पाठशाला के बच्चों ने यहां आगंतुक अतिथियों का स्वागत ढोल की थाप से किया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए डॉ दीप नारायण मुखर्जी ने ग्रामीण भारती सेवा संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। प्राकृतिक कृषि संगठन के झारखंड राज्य प्रमुख कुलदीप कुमार ने पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने स्थानीय किसानों के बीच वर्मीकंपोस्ट उत्पादक किट वितरित किया। ग्रामीण भारती के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संस्था के चार वर्ष के कार्यों की जानकारी दी। कहा कि संस्था का उद्देश्य आत्मनिर्भर ग्रामीण समाज का निर्माण करना है। विभिन्न सामाजिक कार्यों के साथ यह संस्था रांची व खूंटी के विभिन्न सुदूरवर्ती गांवों में निःशुल्क रात्रि पाठशाला आयोजित कर रही है। यहां गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में भी जोर दे रही है। अध्यक्ष ने कहा कि अब यह संस्था संथाल परगना व ओडिशा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य का विस्तार कर रही है। उन्होंने झारखंड सरकार सहित सभी सामाजिक संगठन से समर्थन व सहयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के बच्चों के बीच शिक्षा सामाग्री व खेल उपकरण का वितरण किया गया।

सम्मान समारोह में कुमार शुभम को सर्वश्रेष्ठ टीम लीडर, कुमार प्रीतम पुरी को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधक, पंकज को उभरते सितारे व तुलसी महतो को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में सम्मानित किया गया। संचालन कुमार शुभम व आकांक्षा कुमारी ने बखूबी पूर्ण किया । मनोज, आकाश, गौतम, शीला, महिंद्रा, कृष्णा व विकास के कामों की सराहना की गयी।

## महुआटांड़ के नये थाना प्रभारी ने ग्रहण किया पदभार

**महुआटांड़ (आजाद सिपाही)।** थाना में नए थाना प्रभारी अभिषेक महतो ने पदभार ग्रहण किया। अभिषेक महतो आईएल थाना से स्थानांतरित होकर महुआटांड़ आएं हैं। योगदान देने के बाद उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र वासियों से अपील की। कहा कि सभी के सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना उनका लक्ष्य है।

### आम आदमी पार्टी ने मनाया अपना 11वां स्थापना दिवस

## झारखंड में भी है दिल्ली और पंजाब मॉडल की जरूरत : हरेंद्र नाथ चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** आम आदमी पार्टी (आप) का 11वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 मोड़ शहीद खुदीराम बोस प्रतिमा के पास मनाया। इस अवसर पर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद जनसभा के माध्यम से आम लोगों को पार्टी की नीतियों की जानकारी दी गयी। सभा की अध्यक्षता आप के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र नाथ चौबे और संचालन प्रदेश समिति सदस्य मो मेहबूब आलम ने किया। वक्ताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली पार्टी है, जो 10 वर्षो में राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है। झारखंड प्रदेश के हर जिले में आप मजबूती के साथ स्थापना दिवस मना रही है। बोकारो जिले में भी पार्टी मजबूत हो रही है। पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि आप दिल्ली और पंजाब में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मॉडल की झारखंड में भी जरूरत है। पार्टी ने बोकारो में जन-मुद्दों विशेषकर झुग्गी-झोपड़ी वासियों की लड़ाई लड़कर रक्षा की है। आगे भी आम आदमी की लड़ाई जारी रहेगी। सभा में प्रदेश समिति सदस्य विधान चंद्र राय, बोकारो जिला संयोजक अखिल महतो, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, अशोक कुमार, आनंद मंडल, शंभुनाथ चौधरी, बुधनी देवी सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। मौके पर मदन पाठक, विपिन ठाकुर, संजय कुमार, दिनेश सिंह, राम प्रसाद, बबन सिंह यादव, विजय ठाकुर, अजित कुमार मृत्युंजय मिश्रा, किंकर कृष्ण, विश्वजीत कुमार, सचिता देवी, सोना मल्लिक, सुकरा देवी, सारी, विमा, विनोद, मंगल कालिंदी, सोनू आदिवासी, बिनोद राम, सुरेंद्र यादव, सोहन मिस्त्री आदि मौजूद थे।



## 554वें प्रकाश पर्व पर निकाला गया भव्य नगर कीर्तन, दिखाये हैरतअंगेज करतब



**पूर्णिमा सिंह और रागिनी सिंह ने कोइरीबांध गुरुद्वारा में टेका मत्था लिया पंच प्यारों से आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** जिले में गुरु नानक देव जी का तीन दिवसीय 554वां प्रकाश महोत्सव की शुरूआत रविवार से हुई। पहले दिन झरिया के कोइरीबांध गुरुद्वारा से बैंड बाजा के साथ भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में गुरुग्रंथ साहिब की पालकी पर लोगों ने मत्था टेका। वहन पालकी के पीछे बड़ी संख्या में गुरुवाणी गाते हुए महिलाओं का एक जत्था चल रहा था। झरिया के कोइरीबांध गुरुद्वारा से शुरू हुई नगर कीर्तन विभिन्न रास्तों से होते हुए बैंक मोड़ स्थित बड़ा गुरुद्वारा पहुंच करसमाप्त हुआ। नगर कीर्तन में यूपी के अमरोहा से आई गतका टीम के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं, पारिवारिक और राजनीति प्रतिद्वंद्वीता के लिए जाने वाली झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह रविवार की नगर कीर्तन से पहले कोइरीबांध गुरुद्वारा में माथा टेकने पहुंची थी। यहां गुरुग्रंथ साहिब के समीप बैठे लोगों के बीच दोनों भी एक साथ बैठी। पूर्णिमा सिंह ने पंच प्यारों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## संथा कवि भीमा भोई और महिमा पंथ की विरासत पर संगोष्ठी

# महिमा धर्म और उसका दर्शन जीवन में प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा : धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में दो दिवसीय 'संथा कवि भीमा भोई और महिमा पंथ की विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी' का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान संथा कवि भीमा भोई और महिमा पंथ की विरासत पर एक लघु वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, एसओए मानद विश्वविद्यालय भुवनेश्वर और शास्त्रीय उड़िया अध्ययन उत्कृष्टता केंद्र, सीआईआईएल, इस संगोष्ठी को आयोजित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय का सहयोग कर रहे हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने इस अवसर पर अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे संथा बलराम दास के लक्ष्मी पुराण और संथा कबी भीमा भोई के दर्शन और कविताओं ने समाज में सबसे कमजोर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला



कि दोनों ने उड़िया समाज की सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना को फिर से जागृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री महोदय ने उल्लेख किया कि महिमा धर्म और इसका दर्शन सदैव उनके लिए जीवन में प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्हें इस कार्यक्रम में उपस्थित अत्यधिक सम्मानित संतों और ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के शिक्षाविदों और विद्वानों को संबोधित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री प्रधान ने कहा कि भीमा भोई का दर्शन अब पहले से कहीं और अधिक प्रासंगिक है और मानवता के कल्याण को स्वयं के कल्याण से ऊपर रखने के लिए समाज के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है।

संगोष्ठी का उद्देश्य महिमा गोसेन, संथा कवि भीमा भोई और बिस्वनाथ बाबा के जीवन और कार्यों तथा आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर महिमा पंथ के गहरे प्रभाव पर प्रकाश डालना है। संगोष्ठी के उप-विषय निम्नलिखित हैं: महिमा गोसेन और संथा कवि भीमा भोई - संतों के जीवन और कार्य; सर्वधर्म समन्वय - महिमा पंथ की उत्पत्ति और विश्वास; सामाजिक समरसता - महिमा पंथ के माध्यम से सामाजिक सुधार और समानता; जनजागरण - जनजातीय समुदायों पर महिमा प्रभाव; अध्यात्म समाज - आध्यात्मिकता और सामाजिक परिवर्तन की परस्पर क्रिया; कला और संस्कृति -महिमा परंपरा के भीतर कलात्मक और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की खोज; उड़िया साहित्य और भीमा भोई - साहित्यिक विरासत; आधुनिकता -महिमा दर्शन और शिक्षाओं की समकालीन प्रासंगिकता; सांस्कृतिक संरक्षण: महिमा पंथ की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रचार; और संथा परंपरा और भीमा भोई - संथा परंपरा और भीमा भोई। इससे पहले दिन में श्री प्रधान ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया। श्री प्रधान ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को एकजुट करने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने मोबाइल फोटोग्राफी जैसी नई प्रतियोगिताएं जोड़ने के लिए भी उन्हें बधाई दी। कहा कि सम्मान और स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भरता ही आज युवाओं की आवश्यकता है।

## संबलपुर मंडल में संविधान दिवस मना



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर मंडल में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने रेल अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। सहायक कार्मिक अधिकारी पी वेंकटेश ने समारोह का समन्वय किया।

## एमसीएल में संविधान दिवस मना



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया और कर्मचारियों ने भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक केशव राव ने यहां कंपनी मुख्यालय में कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों में निदेशक एएस बापट प्रमुख थे। इसी तरह, एमसीएल के सेंट्रल अस्पताल, ईब वैली में चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल ने भी संविधान दिवस मनाया और भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली।

## पूर्व तट रेलवे ने संविधान दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे द्वारा रविवार को रेलवे मुख्यालय रेलवे सदन में संविधान दिवस मनाया गया। रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में रेलवे के सभी प्रमुख विभागीय अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्यों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ें। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे के सभी तीन रेलवे डिवीजनों अर्थात, खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर में भी संविधान दिवस मनाया गया। यह दिवस पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भी मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काटि एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी सूर्य प्रकाश ने किया।

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र अचानक बंद होने से सियासत तेज

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय शीतकालीन सत्र पर राजनीति गरमा गयी है। 26 कार्य दिवस शेष रहते हुए अचानक सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने के मुद्दे पर विपक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने एक ही सुर में राज्य सरकार की समालोचना की है। कांग्रेस विधायक दल के नेता नरसिंह मिश्र ने शिकायत करते हुए कहा कि सरकार विपक्ष से डरती है। नरसिंह मिश्र ने आरोप लगाया है कि सदन को जानबूझकर स्थगित किया गया है, क्योंकि सरकार के पास विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं है। नरसिंह ने आरोप लगाया कि विधानसभा को अलोकतांत्रिक तरीके से बंद कर दिया गया है।

## रेल मंत्री ने सुरक्षा की विस्तृत समीक्षा की



**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** रेल मंत्रालय के बोर्ड सदस्यों, जोनल अधिकारियों, मंडल अधिकारियों और आरडीएसओ के साथ विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने स्वचालित सिग्नलिंग, कर्मचारियों के लंबे समय तक काम करने, यार्ड आधुनिकीकरण और यार्ड बुनियादी ढांचे, डस्टर प्रबंधन टीम आदि विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर जोर दिया है। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय सुरक्षा कार्ययोजना तैयार करने और उसकी नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।




## न्यूज रील्स

### उत्तराखंड टनल में वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू

उत्तरकाशी। सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास शनिवार से फिर शुरू हो गया है। मजदूरों तक पहुंचने के लिए अब पहाड़ की चोटी से वर्टिकल ड्रिलिंग की जा रही है। अब तक 15 मीटर से ज्यादा खुदाई हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई रुकावट नहीं आई तो हम 100 घंटे में मजदूरों तक पहुंच जायेंगे।

### ओटीटी की फिल्मों-सीरीज पर भी सेंसरशिप

नयी दिल्ली। अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, डिज्नी हॉटस्टार जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म जल्द ही सेंसरशिप के दायरे में होंगे। दरअसल, केंद्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय ने नये ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज बिल का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसमें ओटीटी, सैटेलाइट केबल टीवी, डीटीएच, आईपीटीवी, डिजिटल न्यूज और करेंट अफेयर्स के लिए भी नये नियम बनाये जा रहे हैं। इसके बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क ऑपरेटर कहलाएंगे।

### आइएसआइ के दो जासूस गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए जासूसी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर टेरर फाइनेंसिंग का भी आरोप है। इनकी पहचान रामपुर के रहने वाले अमृत गिल उर्फ अमृतपाल सिंह और गाजियाबाद के फरीदनगर निवासी रियाजुद्दीन के रूप में हुई है। इनके पास से तीन मोबाइल बरामद हुए हैं। दोनों के खिलाफ लखनऊ के एटीएस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अदालतों में जाने से नहीं डरें: सीजेआइ

नयी दिल्ली। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार (26 नवंबर) को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जनता की अदालत के रूप में काम किया है, इसलिए जनता को अदालतों में जाने से डरना नहीं चाहिए। न ही इसे आखिरी ऑप्शन के रूप में नहीं देखना चाहिए। देश की हर अदालत में आने वाला हर केस संवैधानिक शासन का ही विस्तार है। वह सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**